THE CONSTITUTION (FIFTY-SIXTH AMENDMENT), BILL, 1987

THE MINISTER OF STATE IN THE MlNISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI): Mr. Chairman. Sir, I move;

That the Bill further to amend Consltution of India, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

1. The Constitution is the fundamental source of the polity of any country and provides basic features of its administration in accordance with the hopes and aspirations of the people. We have adopted our Constitution with the lofty objectives $_0$f strengthening the unity and integrity of the country and promoting equality and fraternity among its people.

2. Due to historical compulsions our Constitution was adopted in. English. Our Constitution has declared Hindi as the official Language °f the Union. At present, there is no provision in the Constitution for providing an authoritative text of the Constitution in our Official Language Hindi. It hardly needs to be emphasised that the Constitution which is to guide the future progress of the people in accordance with their hopes and aspirations must be aavilable in their language. The amendment which I am introducing today is precisely aimed at fulfilling this need.

3. A Hindi translation of the Constitution was got prepared in pursuance of the resolution of the Constituent Assembly and it was also signed by the members. However, this translation is not considered as the authoritative text of the Constitution. The Official Language Act, 1963 provides for authoritative text of Central Acts in Hindi. But there is no provision for making avilable authoritative text of the Constitution in Hindi.

4. The High Courts situated in four States viz. U.P., MP., Bihar and Ra-jasthan have been permitted to use Hindi in addition to English in then-proceedings and judgements, orders, decrees etc. Hindi is normally used in the subordinate Courts in Hindi speaking States. Many Universties in Hindi speaking areas are imparting legal education through Hindi medium. Diffi-(The Deputy Chairman in the Chair culties are being faced in these spheres due to non-availability of an authoritative text of the Constiution in Hindi There has, therefore, been demand for quite some time that authoritative text of the Constitution in Hindi should be made available. The present amendment will help to satisfy this long cherished demand.

5. After the Bill is passed the translation in Hindi of the Constitution alongwith its up to date amendments will be got published in the Official Gazette under the authority of the President as early as possible. The same will be deemed to be the authoritative text of the Constitution in Hindii. The authoritative text of subsequent amendments in the Constitution will also be published in Hindi in the same manner. This will encourage use of Hindi in the$_i$ Courts where it has been permitted. If will not affect the interest of the non-Hindi speaking people as the authorised text of the Constitution in English is already available.

6. By passing this Bill during the 40th anniversary of our Independence we will be able to take a step in the direction of fulfilling the hopes and aspirations of crores of our peoole. It will also be an important step towards according Hindi its due place as the Official Language of the Union.

7. I trust the Bill will receive support of all the members of this House. T request that the Bill be taken into consideration and passed unanimously.

The question *was proposed.*

DR. Pa K. PODDAR (West Bengal): Madam Deputy Chairman, there can be no two opinions as regards the desirability ____

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM (Tamilnadu). What about the amendments? When will these be moved?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Not now.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal); The amendments are to be introduced.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Amend, ments will be moved when We take up clause-by-clau6e consideration of the Bill. That is the usual procedure. This is general discussion stage. Then the amendments will be moved at the time of passing the clauses of the Bill. Yes, Dr. Poddar.

DR. R. K. PODDAR: Madam, there can be no two opinions about the desirability of this piece of legislation. The question on which the Minister did not enlighten us is why was there so much dilly-dallying in this matter? The Constitution was written in Hindi in 1950. And it took 13 years to make an authoritative translation and the necessary constitutional amendment was made. Now after 37 years we are having an authoritative translation of the Constitution. I can hazard a guess for this delay. If I am wrong perhaps the Minister will correct me. The major motive of the government is to keep our working class people, our peasantry not too much involved in the day-to-day administration of the S+ate. They want to keep the superiority and dominance of the English langauge in all walks of life. T think more than 40 per cent of our people speak Hindi language.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: Less than that; 38 per cent.

DR. R. K. PODDAR : Anyway an overwhelming majority of the urban working class at least understands and is familiar with Hindi language. Constitution is the basic document of the country, from which all other laws, rules and regulations flow. It should have been available In an authoritative translation from in Hindi long before. So they want to keep the people uninvolved in this process and Just drive them, like dumb cattle, after every five years to the polling boo'hs and get their consent to rule this country for th$_e$ next Ave years. So, although it is late, I support it.

Now the question is, there are other people who do not speak Hindi and do not understand Hindi. What will happen to them? I want to know whether the Government would make the necessary amendment in the Constitution so that authoritative translations in the other 14 Indian languages are also available and also whether the Central Government would tak$_e$ full responsibility fo$_r$ having it translated and bear the full cost of that.

I understand that in West Bengal they hav$_e$ recently had a translation— I do not know whether it is authoritative, but they had a translation—in th$_e$ Bengali language, for which the President had given his consent. The former Chief Justice of the Calcutta High Court took initiative in introducing the Bengali language in the Calcutta High Court, but we were all surprised that he was quickly Irans-ferred to the Bombay High Court. Does it mean that the Government does not want expeditious introduction of the Bengali language m the Calcutta High Court and, perhaps, the other languages in the other High Courts? And recently they have taken a decision to transfer the Chief Justice from one State to aonther in which they do not speak their langauge. So, I would like the Minister to clarify this point so that we can have harmonious development of the various nationalities in India in order that all people of India, irrespective of the language which they speak, can directly involve themselves in the day-

to-day administration of this country. Thank you, Madam.

श्री पशुपति नाथ सुकुल (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, संविधान का यह जो 56वां संशोधन विधेयक है इसका मैं हृदय से समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं ।

श्री शरद यादव (उत्तर प्रदेश) : हिन्दी में बोलने के लिये आपको भी बधाई ।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : देरी के लिये सरकार को कंडम करिये ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : पहले भी हिन्दी में बोल चुके हैं ।

श्री पशुपति नाथ सुकुल : मालवीय जी कभी झूठ नहीं बोलते ।

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): You are at liberty. You can speak in English.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : महोदया, संविधान के हिंदी अनुवाद को प्राधिकृत करने की सरकार की जो योजना है यह बहुत ही स्तुत्य है और स्वागत योग्य है । वैसे तो संविधान में राजभाषा हिन्दी है और राज भाषा होने के कारण हिन्दी का प्राधिकृत अनुवाद पहले ही हो जाना चाहिये था लेकिन देर से ही सही यह खुशी की बात है और स्वागत योग्य विषय है कि इसको लाया जा रहा है । महोदया, इस प्राधिकृत अनुवाद की आवश्यकता विशेषरूप से उच्च न्यायालयों को है क्योंकि कई राज्यों के न्यायालयों में हिंदी में काम होने लगा है । जब न्यायालयों का काम हिंदी में होना शुरू हो गया है तो संविधान भी उसी भाषा में होना चाहिये और इसीलिये इसकी आवश्यकता पड़ी । ऐसा नहीं है कि संविधान का हिन्दी अनुवाद बाजार में मिल नहीं रहा है । यह आज भी सुलभ है लेकिन वह प्राधिकृत नहीं है, अथाराइज्ड नहीं है । इसलिये इसके प्राधिकृत रूप की जो सर्व मान्य हो आवश्यकता थी और उस आवश्यकता की पूर्ति हमारे इस विधेयक द्वारा की जा रही है । उपसभापति महोदया, यह बहुत ही दुख का विषय है कि हमारे थोड़े से साथी व्यर्थ में हिंदी का विरोध कर रहे हैं, विशेष रूप से तमिलनाडु के साथी . . . **(व्यवधान)** . . . वे हिंदी का विरोध विशेष रूप से करते हैं और हिंदी का विरोध किया जाता है सस्ती राजनैतिक लोकप्रियता प्राप्त करने के लिये, सस्ते ढंग से सस्ती राजनैतिक लोकप्रियता प्राप्त करने के लिये । ऐसा लग रहा है कि . . .

SHRI VALAMPURI JOHN (Tamil Nadu): This is a kind of misinterpretation. He says we are opposing imposition of Hindi only to have cheap popularity. It is a criminal slur on us. It should not go on record.

SHRI P.N. SUKUL: Cheap political popularity.

SHRI VALAMPURI JOHN; It should not be record. It is a criminal slur. We are not for cheap poularity. We are representing the people. *(Interruption^).*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down, everybody. Nobody will go on record. Please sit down.

(Interruptions) *

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): M'adam, I am on n point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN; H_e is on a point of order.

SHRI G. SWAMINATHAN: No Member should attribute motives to another Member. Now we ar_e opposing the Bill. He is attributing motive* to another Member that he is doing it to get cheap popularity.

SHRI P. N. SUKUL: I hav_e not named any Member, any party. *(Interruptions)* .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down.

*N6t recorded.

SHRI G SWAMINATHAN; It should not go on record. What is the ruling?

THE DEPUTY CHAIRMAN; Have you finished your point of order.

SHRI G. SWAMINATHAN: Will it go on record? I said, no Member could attribute motives to another Member. H_e is attributing motives to us, saying that when we are oppos- - Bill, we are doing so to get cheap ty. He is attributing motives to ano her Member. This is against the rule.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please listen. If I remember correctly, the hon. Member has not mentioned any Member's name while.. . *(Interrup*-Please sit down. Listen. Will you allow me to speak? The hon. Member has not mentioned any other Member's name. *{Interruptions)* Mr. Gopalsamy, it is not good now. There is a limit to everything.

However, as a good gesture, if the hon. Member wants to withdraw—to honour the feelings of other Members, he can withdraw that.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : उप-सभा-पति महोदया, मुझे अफसोस है कि मैं अपने शब्दों को वापिस नहीं ले सकता क्योंकि यह मेरे हृदय की भावनाएं हैं। मैंने किसी का दिल दुखाने के लिये नहीं कहा। मैंने एक सत्य बात की जो यथार्थ है, जो सत्य है मैंने वही कहा। मैंने कहा कि कुछ लोग हिन्दी का विरोध करते हैं। लेकिन आज हमारे भारत वर्ष की जितनी भी भाषाएं हैं लगभग सभी भाषाएं अधिकांश भाषाएं संस्कृत से निकली हैं। देवनागरी लिपि ही नहीं मराठी, गुजराती, काश्मीरी, हिंदी, बंगला, तेलुगु इत्यादि सभी भाषाएं संस्कृत से ही निकली हुई भाषाएं है और यही कारण है कि...

SHRI VALAMPURI JOHN: *

THE DEPUTY CHAIRMAN: It wilt not go on record. Listen Mr.

*Not recorded.

John, you are going to speak after him. You have every chance to refute his statement if you want to. Why are you interrupting? Don't interrupt.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : मैंने अधिकांश भाषाएं कहा है। उपसभापति महोदया, मेरे शब्दों को ये लोग ठीक से सुन नहीं पा रहे हैं, समझ भी ठीक से नहीं पा रहे हैं क्योंकि पूर्वाग्रह युक्त है। मैं पूर्वाग्रह युक्त नहीं हूं। मैं तो ये कह रहा हूं कि एक देश की एक भाषा होनी चाहिये, एक राजभाषा होनी चाहिये, एक राष्ट्र भाषा होनी चाहिये ? आज रूस का क्या हाल है। रूस के तमाम रीजन्स में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं, कजाकिस्तान में कुछ है, ताशकंद में कुछ है

Russian is common language, but regional languages are there.

राजनल लग्वज वहा भा ह। हमार भारत-वर्ष में भी हैं, क्षेत्रीय भाषाएं हैं, तमिल है, मलयालम है, मराठी है, ये सब हैं। लेकिन पूरे देश की एक भाषा हिंदी होनी चाहिये जैसा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने व्यवस्था की है संविधान में, हम कोई नयी बात नहीं कह रहे हैं। यह व्यवस्था क्यों की गई, क्योंकि यह बहुसंख्यकों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है और काश्मीर से लकर कन्या-कुमारी तक समझी जाने वाली भाषा है, आज आप यहां बैठ कर चाहे जो कह लो। मैं पचासों बार तामिलनाड़ गया हूं, खाली मद्रास नहीं गया हूं, मदुराई गया हूं, रामे-श्वरम गया हूं, त्रिची गया हूं, तमाम जगह गया हूं और हर जगह मैंने देखा कि मैं हिन्दी में ही बोला हूं और हिंदी में हमको जवाब मिला है। हर जगह हिंदी में बोला हूं और हिंदी में जवाब मिला है... (व्यवधान)

ARUNACHALAM; He. is making a false statement.

AN HON. MEMBER: He is absolutely right.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: People are not

able to understand it. It is more foreign than English.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You will have a chance when you speak.

SHUT V. GOPALSAMY: If you offer them hospitality even in Hindi, these people will not understand it.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : चिल्लाने से क्या होगा, चिल्लाने से आपको क्या मिलेगा। हिंदी क्या है, व्हाट इज हिंदी ? हिंद की भाषा हिंदी है। हिंद हमारा देश है । हम "जयहिन्द" कहते हैं। आज दुनिया में इसे हिंद कहा जाता है और हिंद की भाषा हिंदी, रूस की भाषा रूसी, जर्मनी की भाषा जर्मन, फ्रांस की भाषा फ्रांसीसी है। इस तरह ये देश के नाम के साथ जुड़ी हुई भाषा है। यह हिन्द के साथ जुड़ी हुई भाषा है, इसलिये हिंदी है। हिंद की भाषा हिंदी के अलावा दूसरी नहीं हो सकती । आज मुझे अफसोस है कि सरकार थोड़े से लोगों के दुराग्रह के आगे झुक कर हिंदी को राजभाषा का वास्तविक दर्जा आज तक नहीं प्रदान कर पायी है। जब कि यह दर्जा 35-37 या 40 साल पहले ही प्रदान कर दिया जाना चाहिये था, लेकिन आज भी नहीं दिया गया है ताकि हम, थोड़े से लोगों को, जो इसका विरोध करते हैं, साथ लेकर चल सकें। लेकिन आज यह केवल, जैसा मैंने शुरू में कहा कि सस्ती लोकप्रियता का प्रश्न नहीं है, यह देश के साथ न्याय करने का प्रश्न है, करोड़ों भारतवासियों के साथ न्याय करने का प्रश्न है, देश के सम्मान का प्रश्न है, इसलिये देश की एक राजभाषा, राष्ट्रभाषा होनी चाहिये और वह राजभाषा हिंदी के अलावा कोई नहीं हो सकती है। कहा जाता है कि हिंदी देश की बिंदी है । हिंदी जो है वह भारतमाता के भाल की बिंदी है । इतना ऊंचा स्थान है । इसलिये जैसा मैंने कहा कि हिंदी पूरे देश की भाषा है, हिंद की भाषा हिंदी। आप कह सकते हैं तामिलनाडु की भाषा तामिल, महाराष्ट्र की भाषा मराठी, केरल की भाषा मलयालम लेकिन देश की भाषा का जब सवाल आयेगा तो आप क्या कहेंगे ? तामिल ? क्या आप कहेंगे कि देश की भाषा मलयालम है, आप कहेंगे कि देश की भाषा काश्मीरी है ? अर्थात् देश की भाषा हिंदी है ; इसलिये हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच विचार कर यह किया, उसमें केवल किसी एक प्रदेश के लोग वहां नहीं थे, वे महाराष्ट्र से भी आये थे, तामिलनाडु के भी थे, केरल के भी थे, सारे देश के लोगों ने मिलकर, उस समय के सब से आला दिमाग के लोगों ने मिलकर संविधान बनाया और देश के इंटरेस्ट में बनाया और उन्होंने ही हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया, उसको रखा । यह बात अलग है कि 15 साल का समय दिया फिर धीरे-धीरे हम इसको टालते आ रहे हैं । अभी भी अंग्रेजी में काम हो रहा है लेकिन मैं आप से कहता हूं कि जब तक हमारा कामकाज अंग्रेजी में होता रहेगा । तब तक हमारे और आपके अंदर गुलामी की बू बनी रहेगी, हमारे और आपके अंदर से गुलामी की बू आती रहेगी जब तक हम अंग्रेजी में काम करेंगे और जब तक हमारा देश अंग्रेजी में काम करेगा।

आज अंग्रेजी कितने लोग जानते हैं इस देश में—5 परसेंट।

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल (गुजरात) : नहीं, नहीं 2 प्रतिशत।

श्री पशुपति नाथ सुकुल : मैक्सिमम जो अंदाजा है, वह यह है कि 5 फीसदी से ज्यादा लोग अंग्रेजी नहीं जानते हैं सारे देश में और उस अंग्रेजी को हमारे थोड़े से भाई लादे रखना चाहते हैं। 95 फीसदी लोग उस भाषा को नहीं समझते हैं, लेकिन आज भी वह राजभाषा बनी हुई है डी-फैक्टो, उसी में सरकारी कामकाज हो रहा है, उसी में सब कुछ हो रहा है।

तो 5 प्रतिशत लोगों द्वारा बोली जाने वाली विदेशी भाषा में काम करके हम देशवासियों के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। . . . (व्यवधान)

SHRI SHARAD YADAV; Madam. I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. There is no point of order.

उपसभापति : कैसा प्वाइंट आफ आर्डर....**(व्यवधान)** नाऊ लिसन, जब कोई बिजनेस रूल के मुताबिक नहीं होता है या कोई अनपार्लियामेंटरी बात बोल जाता है तब कोई प्वाइंट आफ आर्डर रेज किया... अब वह अपनी स्पीच दे रहे हैं, आप क्या प्वाइंट आफ आर्डर उठा रहे हैं ?

श्री राम अवधेश सिंह : क्या सफाई नहीं पूछेंगे ?

श्री शरद यादव : कोई गलत बात हो...**(व्यवधान)** आप जवाब दीजिए । ...**(व्यवधान)**

श्री पशुपति नाथ सुकुल : उपसभापति महोदया, क्षेत्रीय भाषाओं का महत्व निर्विवाद है। अपने-अपने क्षेत्र में जहां-जहां वह भाषायें बोली जाती हैं, उनका महत्व, जैसा मैंने कहा निर्विवाद है। वह तो वहां बोली ही जाएंगी और उनको महत्व वहां मिलना ही चाहिए, लेकिन जहां एक लिंक लैंग्वेज या राजभाषा या पूरे देश की भाषा का सवाल आ जाएगा, वहां हिंदी को उसका गौरवपूर्ण स्थान मिलना ही चाहिए और हम सब का कर्तव्य है कि हम जल्दी से जल्दी हिन्दी को जो उसका न्यायोचित स्थान है, उसको दिलाने का प्रयास करें। हिंदी को राजभाषा बनाने में और विलम्ब नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि मैं तो कहता हूं कि अगर किसी को एतराज हो, तो हिंदी को लेकर पूरे देश में रेफ्रेन्डम होना चाहिए, जनमत संग्रह होना चाहिए और अगर जनमत संग्रह हमारे फेवर में हो, तो हिंदी राजभाषा बनाई जानी चाहिए ।... **(व्यवधान)**

SHRI ALADI ARUNA alios V. ARUNACHALAM: Are you prepared to accept referendum in non-Hindi speaking areas?

श्री पशुपति नाथ सुकुल : इसलिए मैं आपसे कहता हूं कि हमको एक संकुचित दृष्टिकोण अपनाकर किसी भी क्षेत्र विशेष की भाषा को या किसी क्षेत्र विशेष के मामले को पूरे देश के ऊपर आरोपित नहीं करना चाहिए । एक हिस्से को हम देश से बड़ा मान लें, देश के इंट्रेस्ट को हम गौण कर दें और एक छोटे से क्षेत्र के हित को बहुत बड़ा बना दें, तो यह देश के साथ न्याय नहीं होगा, देश की करोड़ों जनता के साथ न्याय नहीं होगा। **(समय की घंटी)**

इस संबंध में संविधान में संशोधन का समर्थन करते हुए उपसभापति जी: मैं एक बात सरकार से जरूर कहना चाहूंगा कि जैसे हमारी आठवीं सूची में भाषायें हैं, उन भाषाओं में स 1977 में सिक्किम की सरकार के विधान मंडल ने, त्रिपुरा के विधान मंडल ने, और पश्चिमी बंगाल के विधान मंडल ने सर्व-सम्मति से यह पारित किया कि आठवीं सूची में नेपाली भाषा का भी समायोजन होना चाहिए क्योंकि लाखों नेपाली भाषा बोलने वाले लोग भी हमारे यहां हैं, इसी देश में रहते हैं, बनारसमें रहते हैं, सिक्किम में रहते हैं, बंगाल में रहते हैं, बिहार में रहते हैं, तमाम जगह रहते हैं और इसी देश के नागरिक हैं, तो उनको उनका हक मिलना चाहिए । केंद्रीय सेवाओं में जो बैठते हैं, तो उनको दिक्कत होती है। अपनी भाषा उनकी कोई है और केन्द्रीय सेवाओं में भाषा कोई है।

तो मैं अंत में यह निवेदन जरूर करूंगा कि नेपाली भाषा को भी आठवीं सूची में सरकार को स्थान देना चाहिए और इन्हीं शब्दों के साथ में इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

श्री शरद यादव : मैं एक छोटा सा सबमिशन...**(व्यवधान)**

श्री दरबारा सिंह (पंजाब) : मैंने भी कुछ कहना है।

*

उपसभापति : क्या करना चाहते हैं?

श्री शरद यादव : मैं एक छोटा सा सबमिशन करना चाहता हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: You cannot do like that.

श्री शरद यादव : महोदया, मेरा व्यवस्था का सवाल है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: It will not go record.

श्री शरद यादव :*

उपसभापति : इसलिए कि कोई रूल नहीं है। ... **(व्यवधान)**

श्री शरद यादव :*

SHRI RAM AWADHESH SINGH: He has every right to ask information at any point of time.

उपसभापति : आप जब ... **(व्यवधान)** मैं बताती हूं।... **(व्यवधान)**

उपसभापति : सभी पार्टियों को यहां पर भाषण करने का मौका मिलने वाला है जब आपकी टर्न आयेगी तब आप बोल सकते हैं। ... **(व्यवधान)** आप सुनिए, आप सुनते नहीं हैं।... **(व्यवधान)**

श्री शरद यादव : यह सवाल हैं।

उप सभापति : यह कोई सवाल जवाब का समय नहीं हैं। जब आप अपना भाषण करोगे तो आप इस मुद्दे पर बोल सकते हैं। ... **(व्यवधान)**

श्री राम अवधेश सिंह : अगर मेरे भाषण से उनके दिमाग में कोई गलतफहमी होती हो तो मैं सफाई चाहूंगा कि नहीं? ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : नहीं।

श्री राम अवधेश सिंह : क्यों नहीं चाहूंगा? ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : हरेक को मौका नहीं मिलता और हर पार्टी की ओर से एक नुमायंदा बोलता है। जो इसका जवाब देगा। अगर उनको कुछ कहना है तो वह आपके पास कह दें, नहीं तो आप उनको मौका दे दीजिए बोलने के लिए तब तो हो सकता हैं। लेकिन अगर हर पार्टी का हर व्यक्ति बोलना चाहे तो हाउस का काम नहीं चल सकता। इसलिए आपको तरीके से काम करना होगा, इस प्रकार से नहीं।

श्री शरद यादव : महोदया, इतने नियम से सदन नहीं चल सकता।

श्री राम अवधेश सिंह : ऐसे हाउस नहीं चलेगा। ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : सुनिए, आप सुनिए, फिर तो इनको भी मौका देना पड़ेगा और उनको भी देना पड़ेगा। ... **(व्यवधान)** कंस्टीट्यूशनल अमेंडमेंट हैं साढ़े तीन बजे का टाइम वोटिंग के लिए चेयरमैन साहब ने मुकर्रर किया हैं, इसलिए हर कोई बोलना चाहे तो टाइम पूरा नहीं होगा।

श्री शरद यादव : महोदया, इतनी देर में तो मैं अपनी बात कह भी जाता। ... **(व्यवधान)** ऐसे सदन नहीं चलता है।

*Not recorded.

उपसभापति : अच्छा, मुनिए आप। अगर आप इस कंडीशन पर कि एक सेंटेंस में खत्म कर देंगे, इस कंडीशन पर कहने वाले हैं, तो कहिए।

श्री शरद यादव : उप सभापति महोदया, मैं एक सेंटेंस में अपनी बात कर रहा हूं। माननीय सदस्य श्री सुकुल जी ने जो आंकड़ा दिया कि पांच परसेंट लोग अंग्रेजी जानते हैं यह बहुत गलत है। देश के लोगों में बकायदा सेंसेज हो करके 1.2 परसेंट लोग अंग्रेजी जानते हैं, इससे ज्यादा लोग अंग्रेजी नहीं जानते। यही मैं कहना चाहता हूं। इतनी ही बात मैं कहना चाहता हूं।

श्री दरबारा सिंह : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर। ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : ऐसे शुरू हो जायगा तो बड़ा मुश्किल है। ... **(व्यवधान)**

SHRI DARBARA SINGH; I do not know what is happening here. I am not going to make a speech but I should say what I feel.

(Interruptions)

उपसभापति : आप भी एक सेंटेंस में बोल दीजिए।

श्री दरबारा सिंह : यहां जो झगड़ा है वह खत्म इस बात पर होता है कि हर स्टेट में अपनी-अपनी लैंग्वेज है और उसे वहां पर बोलते हैं, लेकिन हिन्दुस्तान को एक बनाने के लिए यदि कोई जबान है तो वह हिन्दी है और इसके लिए किसी पर प्रैशर नहीं है।

AN HON. MEMBER: This is no point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to me. When Mr. Sharad Yadav spoke,. he also did not know he is giving information that 5 Per cent is not there and it is only 1.5 per cent. What is that point of order? Can it be a point of order? So try to understand it. Let there be a good and healthy discussion on this matter. Now, Shri Valampuri John.

SHRI VALAMPURI JOHN: Madam Deputy Chairman, first of all, I would like to thank Mr. P. N. Sukul because it is he who has suggested that there should be a referendum on Hindi. If I am not thankful to him for this suggestion I am sure I cannot, be thankful to him for something else. So. if there is a referendum on Hindi, then only he would understand exactly the feelings of the non-Hindi speaking areas. But ho has suggested this and I welcome this suggestion.

Madam. I do not understand the urgency in bringing this Constitution amendment Bill. The Government may say, for example, since the very inauguration of the Constitution, there is no authentic copy of the Hindi translation of the Constitution and w_e have been waiting for the last so many years for the same, so there is an urgent need. This may be then-case. But this urgent need for Hindi translation of the Constitution, if it is a national urgency, then I would have not objected to it. But this is not a national urgency but this is, I would say, a provincial urgency and if I $_a$m permitted to say, I would say, this is a parochial urgency because if it is a national Urgency, then it should have been urgency not only for Hindi but for all the regional languages. The Government should have brought this Bill saying specifically that there should be translation of Constitution in Hindi as well as in all other regional languages but this Government has come forward with a very specific intentions only to appease some Hindi enthusiasts in this country. There is no other reason. The Constitution speaks of a 'socialist, democratic Republic'. What is the meaning? *It* it is a socialist democratic Republic where is the policy.of equa-lity? You have so many articles in the Constitution on equality. Where

is that equality? When you are not treating all the languages in the Eighth Schedule to the Constitution alike, you are eating into the vitals, stifling the very spirit, the basic pos tulates, of the Constitution. There is no equality. Either you must remove the two sententious words 'socialist' and 'democratic' from the Preamble of the Constitution or you should bring a kind of a piece of legislation or a Cons itution Amendment Bill which will give equal status to all the langu ages in the Eighth Schedule to the Constitution. Now, Madam, I am for a very specific purpose; I would con fine myself within the modest limits of the urgency of this piece of legis lation. Where is the urgency for this Constitutional Amendment Bill? They may say, they have been wait ing for several years. For several years, for the same period, other languages like Tamil, Malayalam, Bengali and Telugu are also waiting. But you are not doing jutico to those languages. You are delivering justice only to the Hindi people, only to ap pease some Hindi zealots and enthu-siastts, I would say. What is the para mount importance that should come in our scheme of things? There is enough threat from rissiparous tendencies in this country. There are divisive forces who fear the national fabric apart. There are internal disturbances. There are external threat?. It is at such a time that you have touched upon this sensitive issue. Time and again I would like to warn the Government that they are putting a deadly strain in our sense of belong ing to the national. I would say this assertively. They cannot understand exactly the seriousness of what I say today. After ten years. after twenty years, they will realise what I say. What I say is the truth, the true sentiments of my people, •the emotions of my people, be-cause it is their language. Language is the only medium wherein the aspirations and the hopes of the people are brought forth. The hon. Minister, Mr. Panierahi, has said why he has brought this Amendment Bill. It is only to satisfy the aspirations, only to have fulfilled the hopes, of the people of certain areas, only four; States of Hindi-speaking people, the Bill is brought. India is not consist-ing of Hindi-speaking people only. There are non-Hindi-speaking people too. Only 36 to 40 per cent are Hindi-speaking. What about the majority of other people who speak other languages?

If you take into account national priority, Hindi does not have the priority at all. Unemployment is our problem. Illiteracy is our problem. Hunger is our problem. When these national priorities wait for so many years, since the framing of the Constitution, what is the necessity, what is the hectic urgency, for bringing this Constitution Amendment. bill Is it to appease the Hindi zealots in particular areas? The hon. Minister has said in the Lok Sabha that this Constitution Amendment Bill ig a 'gift' to the people. I do not understand. I am in a fix. I fail to understand how it is a gift to the people. Even if it goes to the Hindi-speaking areas, this 'gift' cannot be understood by 65 per cent of the people. Illiteracy is our problem. If the Government are anxious about removal of illiteracy from them, they should have introduced measures to bring about literacy in those Hindi-speaking people. But they are bringinig in an authenitic translation of Hindi for the Constitution. It is like presenting a bouquet to a hungery man. When the common man is afflicted with illiteracy, an authentic translation is given to him.

Pandit Nehruji's assurance for the continuation of English has not been given any kind of Constitutional guarantee. There is no Constitutional force. There is no sanctity for his assurance. *(Interruptions)* Is this the way in which we are honouring the commitment of our great Prime Minister, our great leader? He had been giving this assurance time and

[Shri Valampuri John]

again. Mr. Lal Bahadur Shastri and Mrs. Indira Gandhi as well as the present Prune Minister, Mr. Rajiv Gandhi, time and again, gave this assurance. But we see that there is total indifference, a kind of cold attitude, on the part of the Government to make a provision in the Constitution for solemnising the promise of Pandit Nehru and the different Prime Ministers of this country. What we feel is, we are only the subjects and not the citizens, of this country. Only subjects will go with petitions to His Majesty or Her Majesty. At different periods, at different periodic intervals, my Party and the Members of Tamil Nadu have been urging that there should be a Constitutional guarantee. But there was only a verbal assurance. There was no constitutional guarantee. There was no positive effort on the part of the Government. We have the feeling when we speak here, when we come here, that we are coming to a foreign Government. This is our feeling. A constitutional guarantee has not been given, the aassurance has not been fulfilled. They speak of translation. What kind of an authentic translation is it going to be? A number of things were pointed out in the Constituent. Assembly. Since 1949 the situation has not improved positively. Article 41 of the Constitution speaks of a President for Indian Union. For the word 'President of the Indian Union' there were four translations. Which of them can be taken to be authentic? Sunder Lal translated the word 'President' as President. Rahul Sankrityayan—a great scholar for whom I have great regard—translated the word as Ra-shtrapathi'. Gupta translated the word as 'Pradhan' and Kaka Kalelkar, the great leader, translated the word 'President' as 'Pram Panch. From 1949 to 1987 there is not much improvement. Even yesterday I was attending a function in Trade Fair and I came across a signboard there which read: Indira's vission' Its translation was shown as 'Indiraji's Swapna'. May I ask whether 'swapna' is the word in Hindi for 'vision'? 'Swapna' is dream. Etymologically it is a Sanskrit word meaning 'dream'. 'Dream' is not an equivalent of 'vision'. It means the Hindi language has not de veloped yet. You claim a majority of the people speak Hindi...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA; That was a mistake of the person who translated it. It should have been 'Indira DHRISTI.

SHRI VALAMPURI JOHN; That is what I am. saying. I am not blaming your language. I am a great respecter of your language. I can give you a number of examples. The reason why this kind of a translation takes place is they try to appease certain sections; they do not make sincere efforts; if they do, correct translation is possible. They said for the Hindi-speaking people there should be an authenticated copy of translation in Hindi. This amendment or this provision applies only to the Hindi-speakling areas. What about other areas? Of course, we have English translation. It has a legal sanction. But what happens, for example, in Tamil Nadu when a particular man is accused of murder? So far there has been a denial of justice. For example, the accused may ultimately be freed or hanged. In the administration of justice it is not only the judge and the advocate who matter, who should know the language of the ad-' ministration of justice. The accused is more important. That is the most cardinal and important principle, that the accused also should know the language of the administration of justice. The accused in Tamil Nadu knows only Tamil. He does not know Hindi. Unless the administration of justice is done in Tamil, the only language which he knows, it amounts to denial of justice to him. He will not be able to understand the language of-the person who pleads his case on his behalf. Finally when the judgment is given, whether the judgment us that he should be hanged or that he should be freed, he does not know, he does not understand, unless his

advocate comes and tells him if he is to be hanged or he is to be freed. Therefore, in such a situation, whether in Kerala or in Tamil Nadu or in Kalrnataka or in Bengal, administration of justice should justly be done in the regional language. If this Government thinks that justice should come to all the people, then they should necessarily have to try and bring a comprehensive amendment Bill for authentic translation into all the regional languages. This hah not been done. Time and again (they have been saying that a lot of people have accepted Hindi, That means they are living in a world of their own creation. It was not today, in 1939, as far back as in 1939, that Pandit Jawaharlal Nehru had written a letter from Colombo to Seth Govind Das saying, "I am unable to attend the Sahitya Sammelan at Ma-durai But I am very happy that Hindi is developing fast there." It was a He was a great dreams. He had written this in 1939. He was a leader for whom we have great regard because he respected our sentiments, not like our present leaders. In 1939, 48 years back, he was writing that "Hindi has been spreading fast in Tamil Nadu". You may make a claim after two centuries that people of Tamil Nadu have picked up Hindi. I am not going to object to it live in the world of fantacy. Therefore, do not Live in a world of your own creation.

The problem has to be solved for ever. Whether there is any provision in the Constitution or not, the people will not accept any imposition, because the Constitution has no sanctity unless the people accept It. Where is the sanctity of the Constitution when there is no equality. Indian Constitution is a partnership deed, where in I am an equal partner. But when I have a feeing, a sincere feeling, that I a treated as a serf or as a slave by a master, there cannot he a nation. In this kin of a siuation, there cannot be a nation. You can say whatever you like. You can call me a foreigner or you can call me even a traitorj I do not mind. But witnessing the truth, witnessing the reality, I would say that India is still an idea in our minds and India is still asserting itself to be a nation... *(Time bell rings)*.. .Just because you have been saying something, some kind of a sententious thing, India cannot be made. The people have got a genuine feeling that they are being let down. I would like to tell... *(Time bell rings)* ...Just one minute, Madam. I would like to quote here what Rev. Jerome D'Souza said in the Constituent Assembly. It holds good for all the times and it is a kind of a judgment. He made a very clear observation. Rev. Jerome D'Souza said in 1949 in the Constituent Assembly;

"Apart from perhaps religious convictions, in some cases, even more than religious convictions, There is nothing in human activities which captures the spirit of man's mind and man's life more than language and all that language comprises." Now, Madam, I would like to remind thi$_s$ House of what happened in Sri Lanka. What has happened in Sri Lanka should not happen in Indlia. All that we say today is that the Sri Lankan Tamil people have taken t$_0$ arms and the LTTE has emerged. But what was the reason? The primary reason was the language. The only reason was that their language was trampled upon... *(Interruptions^* ... Their language was trampled upon and that is the only reason for this. I warn you now. It is my primary duty, it is my paramount duty, to warn you by quoting what was said by Mr. Pereira of Nav$_a$ Samajam Party in Sri Lanka earlier:

"With two languages, you will have one nation. But with one language, you will have two nations. The Hindi enthusiasts, in their enthusiasm to spread Hindi, to impose Hindi, on the people of the non-Hindi areas are doing this and by doing this they are only sowing the seeds of a civil war They are doing it and ' they are dividing the nation. There-

[Shri Valampuri John]

froe, I appeal to you: There should be a rational approach and there should he a balanced approach and if, in anyway, in an irresponsible manner, in a reprehensible manner, they wound the susceptibilities of the people of the non-Hindi-speaking areas—it may not be today, but on some day—on some future day, this would be the primary reason, frhis would be the important reason, this would be the inescapable reason and this would be the inevitable reason for the division of this country. I am warning you of this now. Thank you, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Bi$_r$ Bhadra Pratap Singh.

श्री वीर भद्र प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदया, मैं अपने पूर्व वक्ता श्री जान को उन की कतिपय वास्तविक जो दृष्टिकोण है, उस के प्रति धन्यवाद देते हुए दो बातों के प्रति मैं अपना विरोध प्रकट करना चाहता हू । प्रथम तो उन्होंने यह कहा कि भारतीय संविधान का मूल आधार सोशल कांट्रैक्ट थ्योरी है। यह बात सर्वथा गलत है। मैंने भी पाश्चात्य योरूप के हाब्स, लाक, और रूसो की सामाजिक निबंधन थ्योरी को पढ़ा है। किन्तु यह कहना कि भारत का संविधान उस थ्योरी से प्रभावित है यह सर्वथा निर्बल और भ्रांतिमय है। भारत का संविधान अंग्रेजी में हम कह सकते हैं कि इस देश का सर्वोच्च कानून है। इसलिए जो सुप्रीम ला होता है, जो सर्वोच्च कानून होता है उस को महज सोशल कांट्रैक्ट थ्योरी के तहत लाने का जो उन का प्रयास है वह सैद्धांतिक रूप से न तो सही है और न उस के लिए कोई आधार है।

मैं उन की एक बात का समर्थन करूंगा, लेकिन उन की एक दूसरी बात से दिया है। मैं उन की इस बात का जरूर समर्थन करता हू और मैं तो अपने मंत्री महोदय से यह कहने वाला था कि देर आयद, दुरुस्त आयद। मंत्री महोदय, मैं आप के लिए भाषण कर रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदया, मैं इस बात को नापसंद करता हूं कि यहां एक मात्र मंत्री मौजूद हैं, वे कम से कम मेरी बात सुनें। मैं संविधान का 30 वर्ष तक अदालतों में काम करने वाला एक विद्यार्थी रहा हूं। भारत के संविधान को समझने का मेरा भी एक दृष्टिकोण है और मैं किसी के मर्म पर शक नहीं करना चाहता जब हम इतने महत्वपूर्ण विषय पर वार्ता कर रहे हैं। चोट पहुंचानें का कोई कारण नहीं है। मैं यह कह रहा था कि जब भारतीय संविधान ने स्वत: अनुच्छेद में भारत की मूल भाषाओं का जिक्र कर दिया, तो प्रश्न यह उठता है कि इसको लंका के साथ क्यों जोड़ा जाता है? हमारे संविधान में ही भारत की भाषाओं का वर्णन है जिनको हमने मान्यता दी है। यह सही है कि हमारे एक माननीय सदस्य ने जो कहा कि हमारी जो मान्यता प्राप्त भाषाएं हैं उनमें भी भारतीय संविधान का अनुवाद होना चाहिए और मैं भी यह बात 1950 से कहता आ रहा हूं। मगर 1950 से 37 वर्ष हो गए हैं, खुद हम अपनी भाषाओं में भी भारतीय संविधान का अनुवाद नहीं कर पाए हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी को साधुवाद देना चाहता हूं कि देर आयद, दुरुस्त आयद, वे इस बिल को सदन में लाए।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : अनुवाद तो पहले ही हो चुका है।

वकालत करने गया तो वहां मेरे जो वरिष्ठ अधिवक्ता थे, वहां एक मुकदमे में, एक केस में इंटरप्रिटेशन में इस बात की व्याख्या थी कि वह हिन्दी में सही लिखा गया है, या अंग्रेजी में लिखा गया सही है। 1961 में उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने यह निर्णय दिया कि टैक्स्ट हिन्दी में है वह आथोरिटेटिव टैक्स्ट है। यह कहानी बहुत लंबी है। लेकिन यह सही है कि भारतीय संविधान का जब अर्थ लगाया जाता है अदालतों में तो जो अनुवाद छपे हैं, जिनको आप अनुवाद कहते हैं, उसमें और अंग्रेजी में जो लिखा गया है उसमें अंतर पड़ जाता है तब अदालतें कहती हैं कि कौन सा माना जाए। तो मैं कहता हूं कि जब 1961 में उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कहा कि हिन्दी को माना जाएगा, तो इसके लिए आवश्यकता पड़ी कि भारतीय संविधान के हिन्दी पाठ को राष्ट्रपति इस संशोधन के जरिये से यह अधिकार देना चाहते हैं कि उसके हिन्दी पाठ को मान्यता दी जाए।

महोदया, हमारे संविधान के निर्माता बड़े ज्ञानी थे, बड़े दूरदर्शी थे। उन्होंने कहा था कि इसको छाप दो, उन्होंने इस पर दस्तखत भी कर दिए थे, मगर हिन्दी का पाठ नहीं छपा और अंग्रेजी का छापा गया। उनको पता था कि इसमें कशमकश होगी। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं को मान्यता दी थी और उनकी यह कल्पना थी कि लोग प्रांतीय भाषाओं में वकालत करेंगे। इसलिए हिन्दी में संविधान छापा जाना चाहिए। इसके बाद सभी भारतीय भाषाओं में उसका प्रकाशन होना चाहिए क्योंकि हमारे संविधान को ऐसा डाक्यूमेंट माना गया है जिसको जानने का हर नागरिक को अधिकार है। मगर अभी तक दुर्भाग्य है कि आथोराइज्ड टैक्स्ट अंग्रेजी में है। इसीलिए कहा गया है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस के ऊपर दस्तखत करके छोड़े थे, उसी परिप्रेक्ष्य में सुधार करके अब इसको छापा जा रहा है। वह परिप्रेक्ष्य यह है कि सन् 1950 से लेकर अब तक 37 वर्ष में भी भारतीय भाषाओं में जो हिन्दी में कानून बने हैं उनमें उत्तरोत्तर परिवर्तन हुए हैं। 37 वर्ष की अग्नि परीक्षा के बाद हिन्दी में परिवर्तन करके आज हिन्दी का मंजा हुआ रूप तैयार करके यह संविधान छापा जा रहा है।

1.00 P.M.

यह भी संशोधन है। इसमें कौन सी बहस है? और पता नहीं सुकुल जी ने कौन सा तैयार छू दिया है। संविधान निर्माताओं ने इस बात को नहीं माना कि हिन्दी में जो लिखा है उसको छाप दो। उन्होंने 37 वर्ष प्रतीक्षा की और देखा कि इस देश के न्यायालय हैं, विधिवेत्ता हैं, कानून विशषज्ञ हैं वे संविधान के उस परिपेक्ष्य में जिसमें हिन्दी में कानून बनते हैं उसमें से जो मझ कर भाषा निकली उस भाषा के अनुरूप संशोधन करके अध्यक्ष महोदय की अनुमति ले कर उसे छाप दें। मैं इस बात का समर्थन करता हूं और पोद्दार साहब ने जो कहा है उसका भी समर्थन करता हूं कि जल्दी हिन्दी में संशोधित रूप छाप कर जितनी रीजनल भाषाएं हैं, भारत के संविधान में जिनको मान्यता प्राप्त है उन भाषायों में भी छाप कर इस देश के नागरिकों के सामने आना चाहिए। हर नागरिक को अधिकार है कि कम से कम वह अपने संविधान को समझे। कृपया सोशो-कांट्रेक्ट थ्योरी जैसा गलत विचार भारतीय संविधान के परिपेक्ष्य में लाने का प्रयास मत कीजिए। अभी लंका का जिक्र किया गया है। हमारे संविधान में भाषाएं लिखी हुई हैं--तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी और दूसरी भाषाएं हैं तो फिर आप ऐसे देश की तुलना जहां इन भाषाओं की मान्यता नहीं है इस देश से क्यों कर रहे हैं जहां मान्यता मिली हुई है। वहां मान्यता के लिए झगड़ा है जबकि हमारे संविधान में मान्यता मिली हुई है। मैं यह अनुरोध करूंगा कि हिन्दी का जो परिवर्तित मझा हुआ रूप है और इसमें आप जो अध्यक्ष जी, भारत

[श्री वीरभद्र प्रताप सिंह]

के राष्ट्रपति को अधिकार दे रहे हैं उनके अनुसार छपाने का हमारा प्रयास होना चाहिए और भारत की जो रीजनल भाषाएं हैं उनमें भी हमारा संविधान छपे ताकि हमारे देश के लोग अपने संविधान को सही रूप में देख सकें। देश के सभी नागरिक अपने संविधान को समझ सकें, अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। मैं यह जरूर कहूंगा कि हमारे संविधान में एक बड़ी बात है कि हमने अधिकारों पर ध्यान नहीं दिया था इसलिए आपने परिच्छेद-तीन रखा। जो समाजवाद है उस डायरेक्टिव प्रिंसिपल को परिच्छेद चार में डाल दिया। इसी परिच्छेद को मौलिक अधिकारों के साथ जोड़ दिया जाए तो कर्तव्य का निरूपण हो जायेगा वरना हमारे अधिकार ही अधिकार इस देश में चल रहे हैं और जो कर्तव्य निष्ठा है वह समाप्त हो रही है। इन शब्दों के साथ में इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, it is evident even from the amendments that none in the South is opposed to the translation that is being authenticated. This fact has to be kept in mind. I will come later to the only thing which has been mentioned. Even those who have moved the amendments will agree that efforts should have been made for the authentic translation in the languages in which the people deal, in which the courts deal, which is used in the daily life and which is used in the Assemblies and so on and so forth. Therefore, there are no two opinions with regard to the need for expediting the authentic translation of the Constitution in Hindi.

But it is time for self-introspection and for heart-searching. Madam, almost about 12 to 13 years back, or even a little earlier, an effort was made to develop the Indian languages. For the present, I won't g_0 into the controversy of national language, official language, link language, etc. I will come to it later. For the development of a language in a particular State, one crore of rupees were given. As Hindi was spoken in more than one State—it was spoken in six States, to be exact—it had the good fortune of having six crores of rupees for its development. There have been Hindi Granth Academies and so on and *o forth in all these States. The other languages, since they have been spoken only in one State each, they had the advantage of only one crore cf rupees each. There has been a Telugu Academy, there has been an Institute of Tamil Studies and so on and so forth in these States. I would like to ask one thing because I personally, and my Party particularly, have never for a moment swerved from the path that we are first Indians then only anything else. Therefore, let there be no misunderstanding. We are for Hindi as one of the two official link languages. There is no doubt about it. But a time like this should be taken by each one of us to have an introspection. I would like to ask my friends from the Hindi areas as to why should they keep quiet, why are they not asking their organisations that they are not coming forth with the number of books that they should have come forward. With all the pride, I can say that the Academies which have been constituted for this purpose in the South have done a tremendous work. The number of books that have been published in each one of these languages is more in number than the books published by all the six Hindi Granth Academies put together. Therefore, what is the point in talking all the while that we want to develop all the languages? I would like to ask the friends from the Hindi areas to take up that task before they talk of anything else. If only they had done that, I am conn- -dent that Hindi would have been a much more richer language than what it is today. But, unfortunately, it has not happened. Why has it not happened? It is for them to have an introspection. Even in my own

language, I am not satisfied with what has been done by the Telugu Academy. But at the same time when I look at it in a comparative perspective, I feel happy that the Telugu Academy has done much more than many other Academies. Therefore, Madam, I would like to ask at this «tage as to what concrete steps will be taken for the development of the Indian languages. The Eighth Schedule has been very categorical. They did not talk in terms of this type of language and that language. Simply they said that there are IS languages which are the languages of thi$_s$ country. And in addition to that, we have the two official link languages. Therefore, if a friend says that Telugu is a regional language, in spite of the fact that I am one of the avowed admires of Hindi, I will be the first to say that Telugu is not a regional language, it is one of the national languages. I want to make it very clear. All our national languages, all these languages should be developed. It may be a matter of a few crores of people who speak a particular language. While Telugu is spoken by six crores, Hindi may be spoken by 15 or 16 crores. That is not the question. The question is the capability of the people living in those areas to communicate with others, within themselves and with others. When it comes to communicating within the area, it is the language and that language has to be developed. And if they have to communicate with other areas, the Constitution has given two languages. And a stage has come that even though English is a foreign language, it has become the language of a particular State, may be more than one State. Therefore, to that extent even English has become an Indian language. Let us not, in our anxiety either to uphold or denigrate one langage or the other. . . (Interruption) It is Nagaland. I know for certain that Nagaland is having English as their language. We have equal consideration even for a language like English. Let us be very clear about it.

AN HON. MEMBER; It i$_s$ not their mother tongue. It is only their official language.

PROF. C. LAKSHMANNA: We are talking of the language that they have adopted. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN; No cross talk, please.

PROF. C. LAKSHMANNA: So, thi$_s$ is the second point I wanted to make. I would like to make it very clear that we would like to develop English and Hindi as the official Imk languages in this country. And for some reason, for seme historical reasons, English is developed and we would like Hindi also to be equally developed and to have all the facilities in Hini so that it will be easily accepted $_O$y ail the people. I would like to state in this connection that Hindi was being learnt by the children and all the women in the South. I can talk about Andhra Pradesh. There was a time when most of the women, many of the children, who were 'iterate were capable of communicating through Hindi. But some times adamant stands taken also hamper the progress of a language. I am very sorry to say that the pace at which Hindi was developing in a State like Andhra Pradesh, it is not the same pace today. W$_e$ want to revive that pace. We want to go ahead with that pace. Andhr$_a$ Pradesh is the only State which has steadfastly implemented the three language formula and even till today it has been going on with that policy. I am proud to say that no other State has given such a support to the three-language formula as Andhra Pradesh ha$_s$ given.

Having stated this I would like to make another point. I an: very glad that the High Courts situated in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Bihar have adopted Hindi as the Inguage for communication in the ccurts. I wish the same happens in the case of the High

[Prof. C. Lakshmanna]

Court in Andhra Pradesh. I wish the same thing happens in the case of High Courts in Madras, Kerala, Karnataka and so on and so forth. If that has to happen then comes the significance of one amendment. The amendment is not the contravention of the main Bill. The amendment is only a further facilitating factor. Further facilitating factor because in this country there are so many other languages, where people in large numbers, in crores who are there, who have t_0 communicate, therefore, there should be authentic versions of these languages nothing more. It does not say that there should not be Hindi translations. It only says, along with Hind? I also understand that translations are available in twelve or thirteen languages. All that is needed is to examine them and authenticate them through a constitutional provision and therefore if we today say that kindly accept this as a possibility for authentication of the languages other than Hindi also, why should anybody be objecting to it? Instead of that there should have been goodwill oozing from that side, saying yes, yes, let all the languages be recognised so that the people living in this country...

SHRI SATYA PRAKASH MALA-VIYA: That way it will take another 500 years.

PROF. C. LAKSHAMANNA: My hon. friend has said that already authentic translations are also available. Therefore, I once again request the hon. Minister to accept the amendment as an amendment of wisdom or. at least if the Minister assures that in a reasonable time, maybe in the next session, he will be able to bring forth a further amendment, I think the whole House with one voice will say yes. immediately we accept it and it should be passed. But at least an assurance on the promotion of national integration should come, an assuranca which gives the people living in the four corners of the country a feeling that they belong to the same country and that their voice is heard and that they will have an opportunity of communicating in their own languages. Therefore, I still appeal to the Minister even a- this stage- at least assure the House that he will come forward wih a suitable amendment to the Constitution by which $_0$ther languages which are also mentioned in the Eighth Schedule will have an opportunity to be the authentic version of the Constitution so that those States also and those people will als_0 have an opportunity of having the same facility which is being available now in English and which will be available hereafter to Hindi also.

THE DEPUTY CHAIRMAN. Shri Bekal Utashi. please.

श्री बेकल 'उत्साही' (उत्तर प्रदेश : महोदया, पहली बार आपके माध्यम से मुझे बोलने का अवसर मिला है मैं आपका आभारी हूं कि आज मुझ राष्ट्र-भाषा की बहस पर दो चार शब्द कहने का मौका मिला है। हमारे मुअज्जेज साथियों ने संविधान में प्राधिकृत विधेयक को सभी ने पसंद किया है। हमें पसंद है, मगर जहां क्यों कैसे मगर के शब्द उलझते गये ... **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) आपकी अध्यक्षता में वही बात कहेंगे ।

उपसभापति : ऐसी कोई बात कहिए कि सब लोग खुश हो जाएं । ... **(व्यवधान)**

श्री बेकल 'उत्साही' : मैं कहा रहा था कि यह विधेयक पसंद सब को है। यह बड़ी खुशी की बात है कि 37 साल के बाद यह हिन्दी में अनुवाद आथोराइज्ड तरीके से लाया जा रहा है लोग कहते हैं कि साहब इसको पहले क्यों नहीं लाया गया पहले लाना चाहिए था बड़ी विलम्ब किया बड़ी देर की भाई हमारे सब इसमे युवक भी हैं वृद्ध भी हैं बूढ़ भी हैं जब उम्र पुखता हो जाती है तो हर बात हसीन सी

लगती है। इसलिए 37 साल की उम्र ऐसी है कि इस वक्त जो भी बात होगी बड़ी पुख्ता होगी और जो अमेंडमेंट आया है इसका सब समर्थन करते हैं। हमारे मंत्री महोदय एक बात पर ध्यान देंगे। अनुवाद तो अब तक होता रहा है लेकिन ऐसे शब्द आते रहे हैं जो गढ़े गए हैं। हम कहते हैं कि इतने वर्षों से जिन शब्दों का हम प्रयोग या उपयोग करते लाये हैं, जो हमारे खून में रच पच गये हैं अगर उन्हीं शब्दों को एडाप्ट कर लिया जाय तो हिंदी रिच हो जायगी।

हिंदी हमारी राजभाषा है, क्या जरूरी है कि उसको संस्कृताइज्ड किया जाय हम इसके अपोजीशन में हैं और इसका विरोध करते हैं कि उसको संस्कृताइज्ड किया जाय बल्कि आम बोल चाल की भाषा में अनुवाद किया जाय और चाहे कोई भी संविधान हो, कानून हो जब आम बोल चाल की भाषा में, बोली में ठोली में होगा तो गांव से लेकर शहर में रहने वाला आदमी उसे अपने पास रखेगा और समझेगा और तभी कानून से डरेगा उससे प्यार भी करेगा। लेकिन भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सरल हो। हमारा यही अनुरोध है। हम ज्यादा समय नहीं लेना चाहते हैं, हम सिर्फ यह चाहते हैं कि अनुवाद जो भी हो वह इतना सरल हो कि हमको अंग्रेजी का सहारा न लेना पड़। जहां भी हम देखते हैं कि हिंदी में कोई पर्चा वगैरह आता है तो हम उसे अंग्रजी वाले से टलो करते हैं कि अंग्रेजी में क्या है। यही वजह है कि जितनी क्लिष्ट भाषा इस्तेमाल की गयी है या उसका उपयोग किया गया है, कि लोगों में नफरत पैदा हुई है। अगर भाषा को सरल बनाया जाये, भाषा को अवामी बनाया जाये, जन भाषा बनाया जाये तो वही राष्ट्र-भाषा हो सकती है, उसी को हिंदी कहते हैं। बस इसी के साथ धन्यवाद।

†[شری بیکل اتساهی (اتر پردیش)]: مهدودیه - پهلی بار آپ کے مادیم سے مجھے بولنے کا اوسر ملا ہے- میں آپ کا آبھاری ہوں کہ آج مجھے راشٹر بھاشا کی بحث پر دو چار شبد کہنے کا موقع ملا ہے - ہمارے معزز ساتھیوں نے سلودھان میں پرادھی کرت ودھیک کو سبھی نے پسند کیا ہے - ہمیں پسند ہے- مگر جہاں کہوں کیسے مگر کے شبد میں الجھتے گئے.... «مداخلت»

اپ سبھاپتی: ایسی کوئی بات کہئے کہ سب لوگ خوش ہوجائیں-

ڈاکٹر وشناکر پانڈے (اتر پردیش): آپ کی ادھیکشتا میں ہی بات کہینگے-

شری بیکل اتساهی: میں کہہ رہا تھا کہ یہ ودھیک پسند سب کو ہے- یہ بڑی خوشی کی بات ہے کہ ۳۷ سال کے بعد یہ ہندی میں انواد اتھوزائزڈ طریقے سے لایا جارہا ہے- لوگ کہتے ہیں کہ صاحب اس کو پہلے کیوں نہیں لایا گیا پہلے لانا چاہئے تھا- ہوا ولمب کیا بڑی دیر کی بھائی ہمارے سب اس میں بوڑھے بھی ہیں ورڈھ بھی ہیں- بوڑھے ہیں ہیں جب عمر پختہ ہو جاتی ہے- تو ہر بات حسین سی لگتی ہے- اس لئے ۳۷ سال کی عمر ایسی ہے کہ اس وقت جو بھی بات ہوگی بڑی پختہ ہوگی اور جو امینڈمنٹ آیا ہے اس کا سب سمرتھن کرتے

†Transliteration in Arabic acript]

پرچہ وغیرہ آتا ہے ہم اسے انگریزی
والے سے تھوپی کرتے ہیں- کہ انگریزی
میں کیا ہے- یہی وجہ ہے کہ جتنی
کلشت بھاشا استعمال کی گئی ہے-
یا اسکا اپیوگ کیا گیا ہے- کہ لوگوں
میں نفرت پیدہ ہوگئی ہے- اگر بھاشا
کو سرل بنایا جائے- بھاشا کو عوامی
بنایا جائے- جن بھاشا بنایا جائے-
تو وہی راشٹر بھاشا ہوسکتی ہے-
بس کہ ہندی کہتے ہیں- بس اس
کے ساتھ دھنیواد -

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka): Madam Deputy Chairman, I would like to take this opportunity to plead with the House that we should adopt a rational and a coherent approach to the problem of the language. I am not against the Bill at all; let me make it very clear. I support the Bill, with some amendments.

Language is a very sensitive and an emotional issue. The language should not divide us; rather it should unite us. In India, we should remember, it was Mahatma Gandhi who recognised the importance of language of each region and he thought— and rightly so— that India is a subcontinent where number of languages are spoken. And he and his followers thought that along with the freedom struggle there has to be an effort to bring about reorganisation of the States within the Indian Union on the basis of language And after Independence, linguistic States were established. There is no use saying that one language is more important than the other, or one is superior to the other or one is more dominant than the other. I think it is better to adopt an approach which gives equal importance to all the languages. That suits the people, that suits the nation, and that brings about greater unity of mind and

[شری بیمل اندساھی]

ھیں- ھمارے سنتی مہودے ایک
بات پر دھیان دینگے- انواد تو اب
تک ھوتا رھا ہے لیکن ایسے شبد آتے رہے
ھیں- جو ھوے گئے ھیں- ھم کہتے
ھیں کہ اتنے ورشوں سے جن شبدوں
کا ھم پریوگ یا اپیوگ کرتے آئے ھمن-
جو ھمارے خون میں رچ بس
گئے ھیں- اگر انھیں شبدوں کو
اذایت کرلیا جائے تو ھندی رچ
ھوجائیں -

ھندی ھماری راج بھاشا ہے- کیا
ضرورت ہے کہ اسکو سنسکرتنانیژة کیا
جائے- ھم اس کے اپوزیشن میں ھیں!
اور اس کا ورودھ کرتے ھیں- کہ اس
کو سنسکرتنیژة کیا جائے بلکہ
عام بول چال کی بھاشا میں انواد
کیا جائے- اور چاہے کوئی بھی
سنودھان ھو - قانون ھو - جب عام
بول چال کی بھاشا میں- بولی میں
ٹھولی میں ھوگا تو گاؤں سے لیکر
شہر میں رھنے والا آدمی اسے اپنے
پاس رکھے گا- اور سمجھے گا- اور
سمجھے گا تبھی قانون سے ڈریگا- اس
سے پیار کرے گا- لیکن بھاشا ایسی
ھونی چاھئے جو سرل ھو- ھمارا
یہی انورودھ ہے- ھم زیادہ وقت لینا
نہیں چاھتے ھیں- ھم صرف یہ
چاھتے ھیں کہ انواد جو بھی ھو
وہ اتنا سرل ھو کہ ھمیں انگریزی
کا سہارا نہ لینا پڑے- جہاں بھی ھم
دیکھتے ھیں کہ ھندی میں کوئی

heart. Ther$_e$ should not be speeches or there should net be any approach policy or strategy which di-

- vide the people. What do you gain by that? Our whole effort is to unite the people. Even if there are divisions on the basis of language^ caste, creed etc., they have to be united. We are all one. We should promote the basic culture of this country. Therefore, we should avoid making fanatical speeches as far as we can. At the same time the Government of India and the official agencies should observe certain basic norms in regard to language. One basic norm should be that no language should be imposed on those people who are not yet ready for that language. Second norm should be there should not be any discrimination between language and language. Thirdly, there should not be any artificial barriers between different language groups. If there are any artificial barriers, they have got to be removed in good time. The whole thing has *to* be pursued on the basis of consent and willingness on the part of the people.

Having said this. T would tow like to refer to the three-language formula. A Resolution was passed when Jawaharlal Nehru was the Prime Minister of India, T was a Member of Parliament. I participated in the debate in the other House. It was unanimously accepted. Unfortunately the promise made by Parliament, the pledge taken by Parliament, was not translated into action. That created difficulties. Even today, our friends in the Hindi-speaking areas have not learnt the languages of the South. If they had done that, perhaps much of the illfeeling between the South and the North or between the different language groups would have bean solved. This was not done. At least now, the Government should take steps to promote the three-language formula all over India. I am aware that ultimately Hindi should be the language of the nation. There is no alternative to that. At the same me. English should also be there. Merely saying that English *is* a foreign language and on that account imposing Hindi, on unwilling people will not solve the problem. It may create mere problems. We have to accept English as the Official Language for a long long time to come. Perhaps, even permanently. There is nothing wrong in keeping English as one of the Official Languages and promoting side by side Hindi also as the other Official Language. There can be two Official Languages for this nation. It is a big nation. While doing so. we should promote the regional languages also. They are regional but we have accepted them *as* National Languages because of their importance. From that point of view even Hindi is a regional language. May be, the number of people speaking Hindi is more than the number of people speaking other languages. I agree. I concede. That is why we accepted Hindi. There is no dispute. Hindi should be there. It should be promoted. The whole of India should speak Hindi. My difficulty is this. After all. I am in this generation, contemporary generation. I go about in Delhi. I also travel in buses. But I cannot read the destination boards at all. I am not able to know the names of the roads. Some names are not in English at all. I have to ask so many people. The point is, what do you achieve by this?

SHRI CHINTAMANI PANIGRA-HI: I hope you do not get down at wrong places.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: What do you achitve by all this? I go to Tamil Nadu. I find the same difficulty. I tell my Tamil friends when I go to Madras. I see Tamil boards. I like them, hut I want to know them in English. They are fond of English, they should put up English boards so that the Kan-nada-knowing people and English-knowing people could also understand. This is the handicap. Therefore, we are becoming more and more chauvinistic, narrow-minded. Language after is after all a vehicle of expression, it is only a means of communication. Let us understand, language

[Shri M. S. Gurupadaswamy] is for the people and people are not meant for the language. Nation does not exist for the language, language exists for the nation. This is most important. Therefore, it is for the convenience of the people that we have to create facilities. If there is more understanding, more unity, more comradeship and more fraternity can be achieved. Therefore, the language issue should not be made an issue of prestige. It should be an issue which should be discussed at a less fanatical level. I would have been very happy if my friend Panigrahi came *suo motu* before the House and said that he wanted to have authenticated translation of the Indian Constitution in all the languages, language-: mentioned in the Eighth Schedule. What prevents you? Of course, he would say that he would take it up with the State Governments, but why should you wait for the State Governments? Not necessary. I think he should announce that he will take up translation of the Constitution in all the 15 languages mentioned in the Eighth Schedule. It is an important thing. Constitution is a basic document of the nation. It should be understood by most of the people in India as far as possible. The people of India should know their own Constitution in their own language. Therefore, in our own interest, in the interest of the country, Constitution should be translated in all the regional languages. With these words I conclude.

SHRI JAGADISH JANI (Orissa): Madam, I rise to support the 56th Constitution Amendment Bill I heartily thank the honourable Home Minister. Though late. I heartily congratulate the Government for presenting this Bill in this august House.

Madam, we have a written Constitution in Tndia. It is the symbol of the hope and aspiration of the Indians. The main aim of our Constitution is to keep the unity and integrity of our counry. Owing to certain reasons our Constitution was drafted in English. But our Constitution had adopted Hindi as the official lanuguage. But unfortunately till now we did not have

*English translation of the original speech in Oriya.

an authoritative text of the Constitution in Hindi. So by this amendment the legal and academic necessities of courts and educational institutions in the Hindi speaking areas will be fulfilled.

Madam, in the eighth schedule of our Constitution fourteen regional languages are recognised. These languages and literature are rich. While supporting this Bill, I would request *the* government to publish authoritative texts of the Constitution in other languages also. As a result of which people who do not know either English or Hindi will be benefited. I hone government will consider this proposal. While again supporting this bill I would request the government to encourage and take step to preserve the dialects of the tribals. Thanking you.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now it is time to break for lunch, however if the House agrees, we may continue.

SOME HON. MEMBERS: Yes, we agree.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Your speech is over? Yes, he has finished. We are skipping the lunch, or if necessary we can break at 2 o'clock. It depends on tow many speakers have spoken by that time. There are about ten speakers. Yes, your name is very much there, Mr. Ram Awadesh Singh. The debate cannot be complete unless you speak. Shri Jagdambi Prasad Yadav.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार): उपसभापति महोदया, यह संशोधन विधेयक जो पाणिग्रही जी लाए हैं, लाना तो चाहिए था इसे 37 वर्ष पूर्व ही, लेकिन इसका यश, इसका धन्यवाद शायद पाणिग्रही जी को मिलना था। मैं उनको इस पाठ को बनाने के लिए धन्यवाद और बधाई देता हूं। इसके साथ ही मैं इस पर कुछ बात करूं, एक बात प्रोफेसर लक्ष्मन्नाजी, चाहे हमारे नेता गुरुदस्वामी जी या हमारे संशोधन प्रस्तुत करने वाले हैं, उनका समर्थन करना चाहता हूं कि आप स्वयं उस आश्वासन को स्वीकार करें। अगर इस संविधान की पद्धति के द्वारा न आएं तो आप आश्वासन द, समय की सीमा

बताएं कि उस संशोधन को उन अन्य अपनी भारतीय भाषाओं में कब तक प्राधिकृत अनुवाद देकर उनके भी जो न्यायालय हैं या उनकी संविधान सभा है, उनका उपयोग वह कर सकें। सवाल है कि हम यहां पर किसी कटुता को लाने के लिए नहीं हैं। आज उल्लास का वातावरण यहां होना चाहिए था, मैं नहीं समझता कि हमारे जो भाषण के उद्घाटनकर्ता थे, उनका क्या मूड था, जो इसको विवाद का एक रूप प्रदान किया। जो विवाद लोक सभा में नहीं हुआ, यहां हुआ। वैसे कुछ करना चाहिए तो बात अलग है। लेकिन हम सभी भाषाओं को भारत की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक भाषाएं मानते हैं, और हैं भी। जितना तमिल वालों को तमिल से प्रेम है, उससे कोई कम प्रेम हमको भारतीय भाषाओं से नहीं है। वे तमिल भाषी हैं। जैसे केरल-असमी-कन्नड़ भाषी आदि।

उपसभापति महोदया, मैं एक उदाहरण देना चाहूंगा, भारत एक धर्म-प्रधान देश है, यहां पर सभी धर्मों का जिस प्रकार से सम्मान है, शायद दुनियां में ऐसा कहीं होगा।

[उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष जी, हमारे बिहार का पण्डा है, जब उनके तमिल जजमान आते हैं तो पता नहीं कहां से तमिल सीखते हैं, तमिल भाषा में बात करते हैं और हमारा एक आदमी रामेश्वरम जाता है तो वहां का पण्डा उनसे हिन्दी बोलता है। इस प्रकार एक धर्म-प्रधान हमारे देश ने दुनियां को रास्ता दिखाया, हमारे देश के लोगों को रास्ता दिखाया। लेकिन जब हम सेकुलर शब्द, धर्म-निरपेक्ष की बात लाए तो धर्म-निरपेक्ष यह देश सदा से रहा है क्योंकि धर्म के आधार पर यहां पर कोई प्रहार नहीं हुआ है, जातिगत प्रहार भले हुआ हो। तो इसलिए एक रास्ता था हमारे लिए कि हम सभी भाषाओं में स्नेह और [illegible] से काम करें। आज के समय ध्यान रखना है कि हमें अंग्रेजी से पिंड छुड़ाना है।

मैं थोड़ा सी बात करना चाहता हूं कि राजभाषा की जब बात आती है तो कभी-कभी ऐसा लगता है कि राजभाषा किसी के ऊपर थोपी जा रही है। मैं स्मरण कराना चाहता हूं, अगर थोपने की बात किसी की आ सकती है अगर थोपने की बात किसी भाषा की आ सकती है तो वह अंग्रेजी भाषा की आ सकती है क्योंकि भारत के करोड़ों करोड़ जनता को अंग्रेजी से कुछ लेना-देना नहीं है। हमारे में से भी, कुछ को छोड़कर, यह थोपी गयी है। सब की अपने-अपने राज्यों में अपनी-अपनी भाषा है। तो मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के विवाद में फिर से न पड़ा जाय। यहां पर एक बात उठी कि जो संविधान अंग्रेजी में प्राधिकृत हैं और जिसे कि न्यायालयों में मान्यता है, उस मान्यता के साथ हिन्दी को भी मान्यता दें। उसी के साथ दूसरी जो 15 भारतीय भाषाएं हैं, सभी में प्राधिकृत अनुवाद हो। इसे हम प्राधिकृत अनुवाद या अनुवाद न कहें। अब तो इसे पाठ कहा गया है। अनुवाद कहने से ऐसा लगता है कि वह इस देश की भाषा नहीं है, किसी भाषा का अनुवाद है। एक विदेशी भाषा का हिन्दी अनुवाद। तो अनुवाद के कलंक को मिटाएं और हम इस सही रास्ते पर आ रहे हैं।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि राजभाषा हिन्दी जो सभी भारतीय भाषाओं की छोटी बहिन है और छोटी बहन को सब का प्यार मिलेगा। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आज सभी भारतीय भाषाओं की प्रगति करने की आवश्यकता है। हम इस बात को कैसे भूल जाएं कि जब तक हमारे बीच में अंग्रेजी की दीवार खड़ी है तब तक हम एक दूसरे की भाषा को नहीं जान सकते हैं। इसलिए मैंने अभी उदाहरण दिया पंडों और धर्माचार्यों का, जिनके लिए अंग्रेजी की दीवार नहीं है। वे तमिली वाले से तमिल में बोलते हैं, तेलगू

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

वाले से तेलुगु में बोलते हैं और हिन्दी वाले से हिन्दी में बोलते हैं।

एक बात मैं कहना चाहता हूं कि कभी कभी हिन्दी वाले अकुलाहट में छटपटाकर रह जाते हैं और कभी-कभी गुस्से में ऐसी बात निकाल देते हैं जिसको उन्हें नहीं निकालना चाहिए। अगर आपसे कहा जाय कि हिन्दी को राजभाषा निश्चित करने की जिम्मेदारी किसके पास थी तो आपको याद होगा कि जब दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज का प्रचार किया तो उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस कार्य को अखिल भारतीय स्तर पर चलाना है तो इसे संस्कृत में मत करना, हिन्दी में करना। फिर जब राष्ट्रीय आंदोलन आया तो गांधी जी ने इसका स्वर रचा। राजा राम मोहन राय ने समर्थन किया, बंकिम चंद्र ने समर्थन किया, लोक मान्य तिलक ने समर्थन किया और राजगोपालाचारी ने भी समर्थन किया था। तो राजभाषा हिन्दी हो इसकी परिकल्पना देने वाले हिन्दी के जो मनीषी थे, संत थे, वह सारे-के-सारे गैर-हिन्दी भाषी थे। जिन मान्य लोगों ने राजभाषा की बात की वह गैर-हिन्दी भाषी थे। मैंने संसदीय राजभाषा समिति में होने के कारण देखा है और उसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि राजभाषा का पलड़ा लेकर अगर कोई खड़ा है तो वह महाराष्ट्र खड़ा है। गुजरात खड़ा है। मैंने उत्तर प्रदेश देखा है, बिहार देखा है, सौराष्ट्र देखा है। महाराष्ट्र राज्य में 80 से 85 प्रतिशत काम हिन्दी में होता है। मैं अगर तमिलनाडु की बात करूं तो मेरे कुछ मित्र नाराज हो जाते हैं। उस आंदोलन के वक्त भी तमिलनाडु की एक छोटी कम्पनी में 80 प्रतिशत काम हिन्दी में हुआ है मैं स्मरण कराना चाहता हूं कि दक्षिण भारत के राज्य तमिल में राजभाषा नियम का जितना पालन हुआ है उतना उत्तर भारत में नहीं हुआ है। मैं समझता हूं कि आप बोलकर भले ही विरोध करते हैं, लेकिन वह वास्तव में विरोध नहीं है। विरोध तो मैंने उत्तर प्रदेश में देखा है। मैंने इलाहाबाद, कानपुर और लखनऊ में देखा है। वहां पर जो भारत सरकार की संस्थाएं हैं, वह राजभाषा नियम का पालन करने का कार्य नहीं कर रही हैं। आप से ज्यादा विरोध तो इस का उत्तर में होता है। अंग्रेजी को लेकर एक वेस्टेड इंटरेस्ट का समाज बन गया है, चाहे वह सरकारी नौकरियों में हो या कहीं और हो बड़े पदों या, बड़े पैसे वालों आदि का।

SHRI V. GOPALSAMY: Vested interest" is an English phrase. You should not have used it.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : आप इसमें निहित स्वार्थ समझ लें। हम उसको भी बाहर कर सकते हैं। मैं वह व्यवहार करना चाहता हूं कि राज-भाषा हिन्दी हो कैसे। लोग कहते हैं कि तकनीकी शब्दों के कारण वे राज भाषा नहीं लिख पाते हैं। मैंने कहा कि तकनीकी शब्द के कारण राज भाषा का प्रयोग रुकना नहीं चाहिए। मैं उदाहरण देता हूं कि अगर लिखना है कि ट्रेन लेट है तो इसमें ट्रेन और लेट दोनों अंग्रेजी शब्द हैं। लेकिन अगर किसी को हिन्दी, देवनागरी में लिख दिया जाय तो वही राज भाषा में हो जायगा हिन्दी का एक पत्र हम निकालते हैं (**व्यवधान**) मैंने कहा कि यह राज आपने अंग्रेजों से लिया है। मैं आप से कहना चाहूंगा कि आप हमें तमिल से भी प्रेम करने दो। वह भी भारत की एक भाषा है। बिना उसका उद्धार किये हिन्दी का उद्धार नहीं होगा लेकिन अगर इस काम को कोई रोक रहा है तो वह अंग्रेजी रोक रही है। इस बात को जब तक हम नहीं स्वीकार करेंगे तब तक हमारी परेशानी रहेगी। तो मैं कह रहा था कि तकनीकी शब्दों को उसी प्रकार देव नागरी लिपि में लिखने से ही समस्या का निराकरण हो जायगा। विनोबा भावे जी ने कोशिश की थी कि एक ऐसी देव नागरी लिपि विकसित हो लेकिन वह हो नहीं पाया।

मैं अगर आप से कहूं कि दुनिया में इतना बड़ा उद्योग सिनेमा है और उस में हिन्दुस्तान का सिनेमा उद्योग सब से बड़ा है और इस में भी हिन्दी सिनेमा का उद्योग सब से बड़ा है। वह न्यू थियेटर्स बंगाल से शुरू हुआ था और आज बम्बई और मद्रास में हो हिन्दी सिनेमा बन रहा है और सब से अच्छी फिल्म जो बनती है वह तमिलनाडु में, मद्रास में बनती है। उसका कोई जोड़ नहीं है। तो सवाल हिन्दी या तामल का नहीं है। जैसा मैंने कहा था, आप कहीं जाइये, वहां का पंडा तामिल भी बोल लेता है, हिन्दी भी बोल लेता है और उड़िया भी बोल लेता है। यह उसकी अंडरस्टैंडिंग है।

वास्तव में राज भाषा के मामले को उलझाने की जिम्मेदारी आप की है। जब इस में राजनीति घुस जाती है तो राज भाषा का मामला उलझ जाता है। मैंने एक मित्र से पूछा कि आप हिन्दी का विरोध क्यों करते हो। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसा करने से हमें सत्ता प्राप्त होगी हम इस का विरोध करते रहेंगे और जब इस के समर्थन से हमें सत्ता की प्राप्ति होगी तो हम इस का समर्थन करेंगे। तो यह वस्तुस्थिति है जिस को लोग अंतःकरण से तो स्वीकार करते हैं लेकिन ऊपर से स्वीकार नहीं करते। मैं प्रधान मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने रशियन मेले में आधिकारिक भाषण हिन्दी में दिया और कुछ शब्द रशियन में भी कहे। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब जब इस प्रकार के अवसर आयें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, वे राष्ट्र भाषा का समर्थन करें। मैं मैकाले की एक बात बतलाना चाहता हूं। मैकाले जब अंग्रेजी लाया तो उसने अंग्रेजी को अनिवार्य नहीं बनाया। वह कुशल था। उसने अंग्रेजी को व्यवहार में आगे बढ़ाया और उसको समर्थन दिया। सम्मान दिया। आप ने राज भाषा बना दी जरूर, लेकिन उसको व्यवहार की भाषा नहीं बनाया। उसको समर्थन की भाषा नहीं बनाया और दिल्ली का जो राज है वह उस को सम्मानित करता है ऐसा स्थान उसको नहीं दिया जिसके कारण आज वह पीड़ित है। आप कहते हैं कि अनुवाद का पाठ कर लो। मैं तो कहता हूं अभी भी राज भाषा हिन्दी की अनुवाद की पूरी व्यवस्था नहीं है। आप संविधान में एक शब्द जरूर जोड़ सकते हैं, लेकिन आप के पास इतना बड़ा योजना मंत्रालय है। उसमें देश की तमाम समस्याओं के लिये योजनायें हैं लेकिन यहां राजभाषा हिन्दी कैसे होगी इसके लिये कोई योजना नहीं है। भाषा का परिवर्तन बहुत बड़ा सवाल है। उस सवाल को उसने नहीं लिया। इसी प्रकार आप का एक वित्त मंत्रालय है जिसमें यदि आप किसी विभाग का बजट हिन्दी में बनाकर भेजें तो 15 दिन तक तो उसका अंग्रेजी में अनुवाद होगा। फिर विचार होगा अंग्रेजी में सब। फिर उसका हिन्दी में अनुवाद होगा अगर एक भी स्टेट ने हिन्दी में भेजा तो उसका डेढ़ डेढ़ दो महीन तक का विलम्ब होगा। हमारे एक परिचित हैं जो उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री और केन्द्र में वित्त मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने मुझे बताया कि वे हिन्दी में बजट भेजें तो वे भाषा की लड़ाई लड़े या पैसे की लड़ाई लड़ें। आज वित्त मंत्रालय में कोई कक्ष नहीं है जहां हिन्दी में काम हो सके। मैं तो कहता हूं कि चाहे लोक सभा हो या राज्य सभा हो, यहां की कार्यवाही में सभी 15 भाषाओं को असर मिलना चाहिए, सभी भाषाओं में कार्यवाही का अनुवाद होना चाहिए। जो जिस भाषा में सुनना चाहे उसमें उसका अनुवाद होना चाहिए। अगर सरकार चाहती है कि राजभाषा फले फूले तो हमारी 15 भाषाओं को जब तक आप अवसर नहीं देंगे, हिन्दी और भारतीय भाषाएं फलेंगी फूलेंगी कैसे? भाषा की समस्या का आप निराकरण नहीं कर सकते।

मंत्री जी यहां पर पीस-मील लेजिस्लेशन लाते हैं, इससे लोगों को कष्ट होता है। इसीलिए आपको भाषा संबंधी विचार पर सोच समझकर कदम उठाना चाहिए जिससे उसका निराकरण हो सके।

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

महोदय, मैं एक दो और बातें आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि वास्तव में आप इस संविधान को राजभाषा हिन्दी में प्राधिकृत करने के बाद वास्तविक पाठ बनाना चाहते हैं तो आप यह देखें कि इसकी उपयोगिता कहां पर है, आप इसका उपयोग भी करना चाहते हैं या नहीं, यह आप पहले देखें, उपयोग कराने की सबसे बड़ी जगह आपके उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय हैं। आप दुनियां के किसी भी देश में चले जाइए, किसी देश का उच्चतम न्यायालय यह नहीं कह सकता कि संवैधानिक रूप से इस देश की राजभाषा को वहां पर व्यवहार करने का कोई अधिकार नहीं है। दुनियां का कोई देश ऐसा नहीं कह सकता। आपने अपनी ही राजभाषा, जिसको भारत सरकार ने माना, उसको आपने कानून से रोक दिया। इसी तरह से कानून की तालीम हिन्दी में पाने के बाद अगर कोई वकील बनाना हो तो वह राजभाषा में अपना ऐनरोलमेंट नहीं करा सकता। बड़ी मुश्किल से इसके लिये मनाया गया। राजभाषा के लिये आप मना रहे हैं अपने ही लोगों को। राजनीति हम करते हैं, लेकिन असली राजनीति करने वाला तो आपका सरकारी तन्त्र है। मैं पूंछता हूं कि हर विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति है, उस कार्यान्वयन समिति के सदस्य अपना कितना प्रतिशत काम हिंदी में करते हैं, तो कोई जवाब नहीं देता। हिन्दी अनुवाद को छोड़ दें, एक भी संचयिका हिन्दी में नहीं है। वह हिंदी में काम करते ही नहीं हैं तो जवाब क्या दें ? तो मैं आप से जानना चाहता हूं कि संविधान का आथोराइज्ड पाठ स्वीकार हो जाएगा, लेकिन इसका उपयोग कहां होगा ? इसका उपयोग न्यायालय में होगा और वहां यह कहा जाएगा कि हमको तो प्रिवी काउंसिल का रेफरेंस देना पड़ता है, इसका रेफरेंस जर्नल अंग्रेजी में देना पड़ता है। अंग्रेजी के कानून को देना पड़ता है।

महोदय, उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों हिन्दी भाषी राज्य हैं। लेकिन विधान सभा के विधेयक आज भी अंग्रेजी में बनते हैं अंग्रेजी का अनुवाद हिंदी में होता है। कहा जाता है कि मूल हिंदी है। अगर यही विडंबना हमारे देश में विद्यमान रही तो इसका निराकरण आप कैसे करेंगे ?

मैं आपके इस संशोधन का स्वागत करते हुए आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप संसद के दोनों सदनों में संविधान की सभी 15 भाषाओं में बोलने और उनके अनुवाद समझने की व्यवस्था करें। दूसरे आप स्वयं देश की सभी भाषाओं में संविधान कब तक लाना चाहते हैं, यह भी स्पष्ट करें ताकि भाषा संबंधी कठिनाई दूर हो सके। धन्यवाद।

श्री मीर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : उपसभाध्यक्ष महोदय, संविधान के 56वें संशोधन विधेयक का मैं समर्थन करता हूं। अभी यहां इस विधेयक के बारे में कुछ देरी करने आदि शब्दों का उच्चारण हुआ। मुझे शेर याद आ रहा है। मैं समझता हूं मेरी भी भावना उनके साथ समर्थन व्यक्त करती है। शेर यह है :

तुम्हें तो बज्म में आना था सबसे पहले,
क्या कहेंगे लोग शमां आई परवानों के बाद।

यह जो शमा है, यह जो संविधान है हम सब इसके परवाने हैं। जैसा और साथियों ने देरी से आने की बात कही मैं यह कहता हूं कि देरी से आने के पश्चात् भी मैं इसका समर्थन करता हूं।

इस देश के इतिहास ने एक कड़वा जहर पिया है मजहब के नाम पर, धर्म के नाम पर। देश को दो टुकड़ों में बंटते हुए हमने देखा है। इसके जो असरात हैं वे आज तक दोनों देशों की जनता भुगत रही है। धन के नाम पर बंटवारा हुआ तो फिर क्या हम फिर से देश को भाषा के नाम पर तोड़ना चाहते हैं ? भाषा को लेकर जो तमिल को गुजरात से, महाराष्ट्र को कश्मीर से और बंगाल को असम से जोड़ता है इसी एक माध्यम का सहारा लेकर क्या हम इस देश की

एकता को, देश के भाई चारे को, देश के लोगों की भावनाओं को तोड़ना चाहते हैं ? हम और आप पहले तो यह शपथ लें कि हम अपने आप में एक सच्चे भारतीय हैं और एक भारतीय के नाते हमको कौन सी भाषा संपर्क सत्र में जोड़नी है । यह हम आपस में ठंडे दिमाग से सोच कर कार्यान्वियन करें । जिस तरह से आज तक देश का कारोबार चला है उसमें हमने यह देखा है इस देश के किसी भी कोने में रहने वाले किसी भी नागरिक के लिये देश की भारतीयता, देश की नागरिकता सबके लिये एक सर्वोच्च स्थान रखती है । इसी पर हमको अपने तमाम मसलों को, तमाम प्रश्नों को हल करना है । मैं आशा करता हूं कि हमारी इस भावना का सारा सदन समर्थन करेगा ।

1963 का जो अफिशियल लैंग्वेज एक्ट है वह केंद्रीय कानूनों का अधिकृत हिंदी टैक्स्ट प्रावधान करता है । जैसा कि हमारी संविधान सभा ने 1950 में जो प्रयत्न किये थे मंत्री जी जो आज विधेयक लाये हैं इससे इसका मूर्त स्वरूप साकार होगा । मैं आशा करता हूं कि इसके अच्छे परिणाम आयेंगे । जैसा कि मंत्री जी ने कहा कि चार राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार के अतिरिक्त अन्य किसी भी राज्यों के उच्च न्यायालयों को अपने जजमेंट तथा कार्रवाई के लिये अंग्रेजी के अलावा हिंदी भाषा की वहां पर छूट नहीं है । मैं आशा करता हूं कि धीरे-धीरे जहां जो लोग इसको अपनाना चाहते हैं दिल से वहां उनके लिये इससे एक अच्छा प्रयास हो सकेगा । वहां दिक्कत यह आती थी कि संविधान के अधिकृत हिंदी अनुवाद की अनुपस्थिति से कितनी ही विडम्बना झेलनी पड़ती थी । मैं समझता हूं इसके बाद कुछ सरलता और आसानी हम ला सकेंगे । 8वें शेड्यूल में भारत की जो 14 भारतीय भाषाएं सम्मिलित हैं मैं कहना चाहूंगा कि यह हमारे सबके लिये एक भव्य विरासत है । अपने आप में एक-एक भाषा इतनी सुन्दर है, इतनी गौरवशाली है कि उनके विकास के लिये हम सबको मिलकर प्रयत्न करने होंगे । मान्यवर, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाएं दक्षिण की भाषाएं हैं। मैं यह कहूंगा कि ये प्रचुर मात्रा में भारतीय भाषायें हैं और समृद्ध भाषाएं हैं । इसी तरह मान्यवर, पश्चिम की मराठी और गुजराती, पूर्व की उड़ियां, और बंगाली, तथा उर्दू और अन्य पहाड़ी भाषाएं हैं जो देश का गौरव और देश की शान हैं । मान्यवर, जब भाषा का आधिपत्य विविध क्षेत्रों में हमने माना है तब कोई भी भारतीय भाषा निम्नतर बने और अपने आप में उसका सम्पूर्ण विकास हो इसके लिये सघन प्रयत्न की आज अनिवार्य आवश्यकता है । मान्यवर, कुछ सदस्यों ने जो कुछ कहा है मैं उसके साथ सहमत नहीं हूं कि उन पर हिंदी थोपी जा रही है । हिंदी को किसी पर थोपने का प्रश्न नहीं है । किन्तु अहिन्दी भाषी प्रदेश और खासकर लोक प्रतिनिधि और राजकीय नेता स्वयंभू इसका राष्ट्र भाषा की हैसियत से विकास करें यह मेरी मांग है । मान्यवर, अहिन्दी प्रदेशों में अगर हिन्दी को हम सरल नहीं बना पाते तो अपनी रीजनल भाषा का विकास हम क्यों नहीं कर सकते । हमको यह चाहिये कि हमारी जो मातृभाषा है उसका हम इस्तेमाल करें । मान्यवर, उन क्षेत्रों में जहां हिन्दी थोड़ी कम समझी जाती है या हिंदी के प्रति अज्ञानता है इन राज्यों के बारे में इसके विरोध की बात समझ में आ सकती है । लेकिन इसके पर्याय में मेरा कहना है कि इसके समाधान में जो अंग्रेजी को वरीयता दी जाती है इसके खिलाफ मेरी आवाज है । अगर वहां पर लोग हिंदी को पढ़ और समझ नहीं सकते तो मैं यह कहना चाहूंगा कि हिंदी के बजाय वे अपनी मातृ भाषा का इस्तेमाल करें । अपनी मातृभाषा को बढ़ावा दें ताकि उस भाषा का प्रभुत्व बढ़े । मान्यवर, मेरी मांग यह भी है कि आप विदेशी भाषा की अपेक्षा अपनी ही मातृभाषा या भारतीय भाषा को स्वीकार करें ? आप अपनी भाषाओं को स्वीकार क्यों नहीं करते ? मान्यवर, यह स्वेच्छा से स्वीकार करने का सवाल है, किसी पर जबर्दस्ती किसी भी भाषा को थोपने का प्रश्न पैदा ही नहीं होता । इस चीज को मद्दे नजर रखते हुये जब जब समय आया, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने, श्रीमती इंदिरा गांधी ने और राजीव गांधी जी ने भी इस बात को साफ तौर से कहा है कि किसी के ऊपर किसी भाषा को थोपने का प्रश्न हीं नहीं उठता है । मान्यवर, संविधान सभा में संविधान का प्रथम पाठ बना,

[श्री मीर्जा इर्शादबेग]

अंग्रेजी का जो पाठ बना उस पर 278 सदस्यों ने हस्ताक्षर किये थे और हिन्दी का जो पाठ बना था मान्यवर उस पर 282 सदस्यों ने हस्ताक्षर किये। मान्यवर, मेरा कहना सिर्फ यही है कि मैं अंग्रेजी के खिलाफ नहीं हूं। लेकिन चूंकि अंग्रेजी भाषा हमारे देश के किसी क्षेत्र की भाषा नहीं है, हमारी जो रीजनल भाषाएं हैं उनका कहीं न कहीं थोड़ा सा समन्वय किसी भाषा के साथ होता है लेकिन अंग्रेजी का किसी भारतीय भाषा के साथ ऐसा कोई समन्वय नहीं है। इसलिये मैं कहना चाहूंगा कि यह गुलामी के अवशेष जो हैं क्या इसको हम अपने सीने से लगाये रखेंगे। इस गुलामी के अवशेष को क्या अब भी हम अपनाये रखेंगे? मान्यवर, प्रश्न यह है और यह अत्यन्त कठोर सत्य भी है कि भारत के सबसे पुराने वासी जो अपने आपको कहते हैं कि इस देश के पहले वासी हम है, पहले भारतीय जो हैं वे हम हैं तो ऐसे दक्षिण के मित्रों से मेरा यह प्रश्न है कि अपनी भाषाओं के रहते विदेशी भाषा की वकालत करना क्या सही है? कितनी मात्रा में यह सही हो सकेगा? अगर आप इस पर सोचें तो ऐसी विषम परिस्थिति का निर्माण नहीं हो सकता। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसा न होने देने की जिम्मेदारी हिन्दी भाषी लोगों की है या इसके पीछे अपने निहित स्वार्थ और राज कारण हैं? मान्यवर, जो भारतीयता को अभारतीयता पर वरीयता देना चाहते हैं, यह मेरा दोबारोपण नहीं है लेकिन यह नग्न सत्य है और हम सब मिलकर इस पर ठंडे दिमाग से सोचें और आने वाली पीढ़ियों के लिये भारतीयता के तत्वों का तत्वारोपण करने के लिये हम सब उसके साझीदार बनें।

2.00 P.M. मान्यवर, मैं आपके माध्यम से हिन्दी भाषा के विद्वानों को तथा सरकार से भी यह निवेदन करना चाहूंगा कि हिंदी को अगर प्रेम से दूसरे भारतीय स्वीकार करें और इस देश की समृद्धि और बढ़े इसके लिये विशेषकर डा० रत्नाकर पाण्डेय जी और बेकल 'उत्साही' जी से तथा हिन्दी के जितने भी विद्वान हैं उनसे मेरा निवेदन यह है कि हिन्दी भाषा में हमारी प्रत्येक क्षेत्रीय भाषा से एक-एक शब्द ले कर कम से कम हर वर्ष इस हिंदी भाषा में कम से कम पांच भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर लेना चाहिये जिसकी वजह से आने वाले दिनों में यह भाषा और गौरवशाली बन सकेगी और यह भाषा ज्यादा भारतीय बन सकेगी तथा यह भाषा अधिक समृद्धशाली बन सकेगी। हमारे जो वर्तमान राजभाषा सम्बन्धी नियम हैं, श्रीमन्, मैं गुजरात से आता हूं गुजरात कोई हिंदी भाषी राज्य नहीं है लेकिन मैंने कोशिश की है कि कुछ ठीक हिंदी में बोल सकूं। मैंने देखा है कि...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप तो बहुत अच्छी हिंदी बोलते हैं।

श्री मीर्जा इर्शादबेग : श्रीमन्, हमारे राज्य में जो शासन का कारोबार चलता है वह अपनी भाषा गुजराती में ही चलता है और आज तक उसके अन्दर हमें कोई कठिनाई नहीं हुई। सवाल यह है कि हम सब अपनी जो भाषाएं हैं उनको और अधिक वरीयता दें। हिंदी को अगर दक्षिण के क्षेत्र में पहुंचाना है तो बड़े प्रेम से पहुंचाएं। अगर किसी ने यह कोशिश की है तो हमारी फिल्मों के माध्यम का भी इसमें बड़ा सहयोग रहा है। उन लोगों ने, कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से उन लोगों तक हिंदी को पहुंचाने की कोशिश की है। मैं यह कहना चाहूंगा कि दक्षिण का जो साहित्य है कला है वह आज दूरदर्शन के माध्यम से कुछ जो कार्यक्रम आए हैं इससे हम लोग उसकी तरफ प्रभावित हुये हैं। हमारे राष्ट्र कवि रवीन्द्र नाथ टैगोर ने बंगला भाषा में गीतांजलि लिखी और सारे विश्व को उन्होंने आकर्षित किया। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि भारतीय मूल जो है उसको पकड़ कर के हम उसके विकास के लिये कोशिश करें। बेकल उत्साही' जी ने सही बात कही, मैं उनका समर्थन करता हूं कि जो हिन्दी भाषा का हम प्रयोग करते हैं वह लोकप्रिय हो सके, ऐसी भाषा होनी चाहिये। इसके विषय में मैं एक ही उदाहरण आपके सामने रखना चाहता हूं। किसी विद्वान से मैंने पूंछा तो जो हम चाय पीते हैं उसका उन्होंने हिंदी में एक बहुत लम्बा स्वरूप बनाया है और वह स्वरूप किसी को समझ में आ जाए ऐसी बात नहीं है। उन्होंने चाय का ट्रांस्लेशन

शन किया है वह बड़ा ही मजेदार और लच्छेदार है। चाय का अनुवाद हिन्दी में उन्होंने करते हुये कहा है दुग्ध शर्करा मिश्रित... (**व्यवधान**) उष्ण... (**व्यवधान**)

श्री राम अवधेश सिंह : यह हिंदी का मजाक उड़ाने वाले लोग मजाक करते हैं (**व्यवधान**)

श्री इर्शादबेग मिर्जा : इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि हिंदी को हिंदुस्तानी का स्वरूप हमको देना चाहिये। गांधी जी ने भी इस बात को कहा था कि हिन्दी में हिंदुस्तान की सभी भाषाओं के शब्द हों। प्रोफेसर, लक्ष्मण जी ने जो कहा मैं उनकी बात से सहमत हूं कि आज तक हम अपनी भाषाओं का जैसे तमिल भाषा का जो साहित्य है, दक्षिण का जो साहित्य, कला, पोइट्री है उसको दूसरे हिंदी भाषी और अहिन्दी भाषी राज्यों को भाषाओं में ट्रांस्लेट करके उन तक पहुंचने की हम ने आज तक कितनी कोशिश की है? यह कितनी दयनीय स्थिति है कि जिसको हमने राष्ट्रभाषा माना है आज 40 वर्षों के बाद हमको इसका मुंह देखने को मिला है लेकिन आज से भी इसको यदि हम प्रारम्भ कर दें तो आने वाले दिनों में इसे और समृद्ध साहित्यशाली बना सकेंगे। (**समय की घंटी**) अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा, बेकल उत्साही' जो राष्ट्र शायर हैं और उन जैसे बड़े-बड़े शायर लोग ऐसे होते हैं कि वो अपना शेर खुद न कह कर दूसरों से कहलवाते हैं। मैं उनकी भाषा और कविता का प्रशिंसक हूं। उन्होंने भाषा के बारे में जो कहा है वह मैं कहना चाहता हूं। मैं सदन के सामने वस्तुतः कहना चाहूंगा। बड़े सुन्दर शब्दों में उन्होंने इस बात को देश के लोगों को, देश की जनता को कहा है। मान्यवर, बेकल साहब कह रहे हैं कि

"भाषा वह कला जो दे हाथों जुगनू बांटे,
भाषा वह कला अपनत्व में जो मैं तू बांटे।
भाषा वह जो टूटे हुए दिलों को जोड़े,
भाषा वह जो तकरार के दुर्गों को तोड़े।
भाषा वही जो हिंदुस्तान को एक बनाये,
भाषा वही जो बिगड़े हुओं को नेक बनाये।
भाषा वह जो जाति-जाति में जुगनू बांटे,
भाषा वही जो सिर पर चढ़कर जादू बांटे।।"

मान्यवर, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : कविता तो आप के जिम्मे छोड़ देता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो यह संशोधन आया है इसके विरोध करने का तो कोई सवाल ही नहीं उठता है। यह अच्छा संशोधन है, इसका हर किसी को समर्थन करना चाहिये। लेकिन यह अच्छा काम अधूरा है। अधूरा इसलिये कह रहा हूं कि जिस उद्देश्य से किया जा रहा है पता नहीं वह उद्देश्य पूरा होने के पहले ही कोई दूसरी बात न खड़ी हो जावे, दूसरा फसाद न खड़ा हो जाये, जैसे कि हमने दक्षिण भारत के साथियों की भावना को देखा। तो हमको ऐसा करना चाहिये था कि हिंदी का अथेंटिक अनुवाद प्रस्तुत करने के साथ-साथ अगर तमिल का, बंगला का, तेलगु का, कन्नड़ का, गुजराती का या जो भी भाषाएं हैं जिनको हम राष्ट्रीय कहते हैं इनमें भी साथ-साथ लाते, इसी संशोधन में तो इससे कोई हानि नहीं होती। इसको किसी ने रोका नहीं था, इस पर विवाद भी नहीं था बल्कि इसका चारों तरफ देश में स्वागत होता मुझे इस बात का शक है और पूरा शक है, भारी शक है कि गांधी सरकार ने जानबूझ कर के ऐसा संशोधन एकांगी लाया हुआ है ताकि कोई भाषा का विवाद खड़ा हो और जो देश के अन्दर मूल समस्या है, गरीबी की, भ्रष्टाचार की, प्रशासनिक भ्रष्टाचार की जिसके घेरे में यह केन्द्र सरकार खड़ी है उससे लोगों का ध्यान बंटाया जाये और भाषा के सवाल पर फिर से लड़ाई शुरू हो जाये। हमको इसका पूरा शक है क्योंकि हमेशा केन्द्रीय सरकार कुछ न कुछ ऐसा काम करती है जिससे कि कोई विवाद खड़ा हो जाता है और मूल समस्या जो भारत की बेकारी की, बेरोजगारी की, भुखमरी की, सिंचाई की, भ्रष्टाचार की है, महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि अवध में हमारे जो कामरेड हैं, इनको सही बात की जानकारी नहीं है कि अंग्रेजी का समर्थन और हिंदी का विरोध किन कारणों से हो रहा है। यह

[श्री राम अवधेश सिंह]

बहुत ऊंची साजिश है, इस देश में। हमेशा से शासक और शोषकों को जोड़ने वाली एक राजभाषा रही है बहुत पुराने समय से। किसी जमाने में संस्कृत थी, जो देश के हर कोने के शासकों को, शोषकों को जोड़ती थी। फिर उसके बाद मुगलों के राज में अरबी आई, जो जन-भाषा नहीं थी, उससे भिन्न थी। इसका कारण है कि जो कमेरा वर्ग है, जो शोषित वर्ग है, जो शासित वर्ग है, वह दक्षिण का शासित, शोषित और कमेरा वर्ग उत्तर के शासित, शोषित और कमेरा वर्ग से मिल नहीं सके और मिल कर यहां के शासक, शोषक के खिलाफ वह गोलबंद होकर उनको सत्ता से च्युत न कर पाये, इसलिए यह एक साजिश चलती रही है और राज-शासक-शोषक जोड़ भाषा रही और शासित-शोषित तोड़ भाषा भी। तो शासक-शोषक जोड़ने की भाषा चलती रही संस्कृत के जमाने से। फिर अंग्रेजी आ गई, तो अंग्रेजी भी शासक-शोषक जोड़ भाषा, शासित-शोषित तोड़ भाषा है।

अगर इनको मालूम होता कि अंग्रेजी हट जाए, तो कोई ऐसी भाषा आ जाएगी भारतीय भाषाओं में से, जो दक्षिण के शासित-शोषित को और उत्तर के शासित-शोषित-को जोड़ेगी, तो पेरियार रामास्वामी नायकर का सपना साकार हो जाएगा।

मैं समझता हूं कि जिस दिन अंग्रेजी यहां से जाएगी... (व्यवधान) आपको शायद जानकारी नहीं है, पेरियार रामास्वामी ने लिखा है--अंतिम दिनों में रामास्वामी ने लिखा है कि काश मैं हिंदी जानता होता, तो आज इस देश में मैं करिश्मा कर देता और जो हुकूमत मैंने दक्षिण में कायम करवाई पिछड़ों की, हरिजनों की, शोषितों की और ब्राह्मणों का राज खत्म किया, मैं सारे भारत में ब्राह्मणों का राज खत्म कर देता और शासित-शोषितों का राज हम कायम कर देते। उन्होंने अन्त में यह कहा... (व्यवधान)

मैंने पेरियार रामास्वामी का यह लेख पढ़ा है। जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने कहा कि मुझको अफसोस है कि मैं हिंदी जानता नहीं, हिंदी सीखा नहीं।

अगर मैं हिंदी सीखा होता, तो जो करिश्मा हमने दक्षिण में, तमिल नाडु में किया--वहां ब्राह्मणों का राज ऐसा था कि चपरासी से लेकर चीफ मिनिस्टर तक केवल ब्राह्मण होते थे, उनको अपरूट कर दिया, वही करिश्मा मैं सारे देश में कर सकता था, लेकिन ये लोग इस बात को समझते नहीं।... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप उनको समझाइये।

श्री राम अवधेश सिंह : यह राजगोपालाचारी के तौर पर शिकार हुए हैं। राजगोपालाचारी जब तक चीफ मिनिस्टर रहे, तब तक तो हिंदी का उन्होंने प्रचार किया, लेकिन जब पेरियार रामास्वामी ने छड़ी से मार कर गद्दी से हटाया कि "हटो, इस राज पर तुम नहीं बैठ सकते हो--ब्राह्मण को मैं यहां नहीं बैठने दूंगा और वहां से प्रस्ताव पास करवाया। मुझको प्रस्ताव का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि इस तारीख तक एक महीने के अन्दर अगर तुम इस्तीफा नहीं दोगे, तो सारे ब्राह्मणों पर डाइरेक्ट एक्शन होगा।" तो सारे तमिल नाड़ के ब्राह्मणों ने आकर राजगोपालाचारी से कहा कि आप इस्तीफा दे दें, नहीं तो हमारी जान नहीं बचेगी... (व्यवधान)

SHRI ALADI ARUNA *atlas* V. ARUNACHALAM; Rajaji was removed from power not because of Periyar Ramasamy Naicker, but because of Kamraj.

SHRI RAM AWADHESH SINGH: You do not know. I know better than you. *(Interruptions).*

SHRI V. GOPALSAMY; Mr. Aruna, Mr. Awadhesh Singh conies from the heart of Tamil Nadu and he knows better than you... *(Interruptions)...*

SHRI RAM AWADHESH SINGH: Periyar forced him to resign and then

Kamraj came to power.. *{Interruptions).* Kamraj came o power after Rajaji was forced to resign by Periyar.. .*(Interruptions)* ...

SHRI V. GOPALSAMY; It has become our fate to listen to him... (*Interruption)* ...It is our fate to listen to him.. *{Interruptions)* .

उपसभाध्यक्ष : श्री जगेश देसाई) श्री राम अवधेश सिंह जी : मेरी बात सुनिये । समय बहुत कम है, ऐसे तो आप का समय खत्म हो जाएगा । आपका टाईम खत्म हो जाएगा, आप बो- लिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह भाषा के पेच को समझने नहीं, पेच समझ जायें तो सबसे पहले यह अंग्रेजी का विरोध करेंगे और राष्ट्रीय भाषाओं के समर्थन में खड़े होंगे ।

मैं तमिल सीख रहा हूं, आपको ज्ञान नहीं है, मैंने तमिल सीखना शुरू कर दिया है, लिखना शुरू कर दिया है, थोड़ा बहुत पढ़ता भी हूं, लेकिन मुझे थोड़ी कठिनाई हो रही है । मैं एक साल में आपको यहां बोल कर दिखा दूंगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप थोड़ा सा बोलिए, सैंपल के तौर पर ?

श्री राम अवधेश सिंह : जवाहर लाल जी का नाम ये लोग लेते हैं । वे दक्षिण वालों का दोस्त नहीं है ।. . .

उपसभाध्यक्ष : (श्री जगेश देसाई:) आप यहां थोड़ा सा बोलिये, मैं सुन रहा हूं ।

श्री राम अवधश सिंह : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस समय ये लोग कुचक्र को समझ जायेंगे, कि अंग्रेजी का कुछ कुचक्र बुद्धिजीवी लोग उत्तर भारत के बुद्धिजीवी, दक्षिण भारत के नहीं, यह उत्तर भारत के बुद्धिजीवी यों का कुचक्र है कि अंग्रेजी चलती रहे ताकि किसान का बेटा, गरीबा का बेटा, मजदूर का बेटा, शोषित का बेटा शासन की कुर्सी पर नहीं आ पाये, दो नम्बर और एक नम्बर की कुर्सी उसके हाथ न लगे । यह बात जब समझ जायेंगे उस दिन ये हम से आगे अंग्रेजी के विरोध और राष्ट्रीय भाषाओं के समर्थक हो जायेंगे ।

उपसभाध्यक्ष : श्री जगेश देसाई : आपका तीन मिनट का समय हो गया । आपका तीन मिनट की बजाय दस मिनट का समय हो गया ।

श्री राम अवधेश सिंह : महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि मुझे दूसरी भारी शक है भाषा की क्लिष्टता पर, जो प्रशासनिक भाषा बनाई जा रही है, जो सरकारी चिट्ठियां चलती हैं उनकी भाषा क्लिष्ट होती है, संस्कृतनिष्ठ होती है, उसको समझना हम लोगों के लिये अंग्रेजी से भी कड़ा होता है, जब हम लोगों के लिय उसको समझना दुरूह है तो आम आदमी जो गैर-हिन्दी भाषी इलाकों के लोग हैं उनके लिये तो और भी कठिन हो सकता है ।

उपसभाध्यक्ष: (श्री जगेश देसाई) : ठीक है, अभी आप खत्म कीजिये ।

श्री राम अवधेश सिंह : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि ज्ञान की भाषा के रूप में अंग्रेजी से हमारा कोई विरोध नहीं है, फ्रेंच का भी नहीं है, रशियन का भी नहीं है, जापानी का भी नहीं है, दुनिया की जितनी भाषाएं हैं उनका हम आदर करते हैं ज्ञान के लिए, लेकिन राज-काज की भाषा जनभाषी होनी चाहिए देश के अन्दर की कोई भाषा हो जिसकी भुजाएं इतनी फली हों जो सारे हिन्दुस्तान को छू सकें, मैं ऐसी भाषा चाहता हूं ऐसी भाषा अंग्रेजी हट जाने के बाद आपसे आप देश की जनता तय कर देगी कि कौन भाषा राष्ट्रीय भाषा हो सकती है, कौन सी राष्ट्रीय भाषा राजभाषा की कुर्सी पर सक्षमतापूर्वक काम कर सकती है । मैं यह नहीं चाहता हूं कि संघ चिढ़ाया जाए, मैं चाहता हूं अभी मेरा सरकार को एक सुझाव है कि इस संशोधन के साथ-साथ इसको रोक लें, पास न करायें, कोई हर्ज नहीं है, कई विधेयक पड़े हैं, इसमें एक संशोधन सरकार लाए कि और भी जो भाषाएं हैं तमिल है, तेलगू

श्री राम अवधेश सिंह

है, कन्नड़ है, बंगाली है, सब को एक साथ यह संविधान का अनुवाद मुहैया कराया जाए और इसमें कोई दिक्कत नहीं होगी । इसमें किसी की ओर से कोई आपत्ति नहीं है । नहीं तो मैं इस बात को सरकार पर चार्ज करता हूं कि जान-बूझ कर भाषा का विवाद देश में खड़ा करके अंग्रेजी को चलाने की साजिश सरकार की है और देश की जो मूल समस्याएं हैं भुखमरी है, भ्रष्टाचार है, जिसके घेरे में सरकार है उसको टालने के लिए यह बिल सरकार लायी है और मैं बार-बार कहना चाहता हूं कि सरकार सब भाषाओं का अनुवाद एक साथ करे इसमें कोई हानि नहीं है और विवाद खड़ा न करे । जय हिन्द ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश): माननीय उप सभाध्यक्ष जी, संविधान का 56वां संशोधन विधेयक, 1987, 24 नवम्बर को हमने लोक सभा में पारित किया है और माननीय गृह मंत्री श्री पाणिग्रही जी ने आज इस सर्वोच्च सदन में उसे विचार हेतु रखा है और लोक सभा में इस विधेयक का लबो-लुबाब या सीमित उद्देश्य बताते हुये माननीय पाणिग्रही जी ने कहा था कि संविधान सभा के प्रस्ताव का कार्यान्वयन करना हमारा लक्ष्य है, इसलिए यह 56वां संशोधन विधेयक लाया गया है । विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के कथन में साफ लिखा हुआ है: "भारत के संविधान को संविधान सभा ने अंग्रेजी में अंगीकृत किया था। संविधान का एक हिन्दी अनुवाद भी, जिस पर संविधान सभा के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, उस सभा द्वारा अंगीकृत संकल्प के अनुसार संविधान सभा के अध्यक्ष के प्राधिकार से 1950 में प्रकाशित किया गया था ।

वर्तमान समय में यह सबकी मांग है कि हिन्दी में संविधान का प्राधिकृत पाठ, जिसमें सभी पश्चात्वर्ती संशोधन समाविष्ट हों, प्रकाशित किया जाए । विधिक प्रक्रिया में संविधान का उपयोग आगे बढ़ाने के लिए प्राधिकृत पाठ का होना अनिवार्य है । संविधान का कोई भी हिन्दी पाठ न केवल संविधान सभा द्वारा प्रकाशित हिन्दी अनुवाद के अनुरूप होना चाहिए अपितु, केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठों में अपनाई गई भाषा, शैली और शब्दावली के अनुरूप भी होना चाहिए । अतः संविधान का संशोधन करने का प्रस्ताव है ताकि भारत के राष्ट्रपति को अपने प्राधिकार से संविधान के हिन्दी भाषा में अनुवाद को, जिस पर संविधान सभा के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, ऐसे उपान्तरों के साथ, जो उसे केन्द्रीय अधिनियमों के हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठों में अपनाई गई भाषा, शैली और शब्दावली के अनुरूप बनाने के लिए आवश्यक हों, प्रकाशित करने के लिये सक्षम किया जा सके । राष्ट्रपति को अंग्रेजी में किए गए संविधान के प्रत्येक संशोधन का हिन्दी में अनुवाद प्रकाशित करने के लिये भी प्राधिकृत किया जायेगा ।"

और अधिक विस्तार में न जाकर के माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं कहना चाहूंगा कि आज का दिन भारत के जनतंत्र के इतिहास में एक अत्यन्त स्वर्णिम दिन है । इस संशोधन विधेयक के माध्यम स, जिसकी सन् 1950 के बाद पिछले 37 वर्षों के प्रत्येक क्षण में हमने आकांक्षा की थी, पूरे देश ने आकांक्षा की थी कि अपनी राष्ट्र भाषा हिन्दी के माध्यम से हम अपना कामकाज करें, अपने संविधान के नियम, उपनियम का जनता स्वभाषा में पालन करें और सारी चीजों को संविधान के अनुरूप अंकित करें । इस आज के ऐतिहासिक अवसर पर मैं बधाई देना चहता हूं कि भारत सरकार को और गृह मंत्री जी को, जिन्होंने इस काम को जो पिछले 37 वर्षों से रुका हुआ था, करके दिखला दिया । इसके लिए जितनी भी बधाई दी जाए, वह कम है ।

रही बात भाषा की, तो एक समय हिन्दी में ऐसा था, जब केशव कवि थे,

कहा किसी की ने संस्कृत इतनी प्रबल थी कि

भाषा बोल ना जानहि जिनके कुल के दास
तिन कवि केशव ने करि भाषा
विविध प्रकास ।

भाषा यानि हिन्दी गंवारू भाषा मानी जाती थी, संस्कृत शिष्ट लोगों की भाषा मानी जाती थी । लेकिन भाषा बहता नीर है । "कोस-कोस पर पानी बदले दुई कोस पर भाषा" कहावत है हमारे भोजपुरी में, कि हर दो मील के बाद पानी बदल जाता है और चार मील के बाद भाषा में परिवर्तन आता रहता है । भाषा को दीवालों में, चौहद्दियों में और अपने-अपने क्षेत्रों में बांट कर हम नहीं रख सकते क्योंकि भाषा प्रयोग की चीज है और जैसे नदी की धारा निरन्तर प्रवाहित होती है, उसी तरह से भाषा की भी प्रवाहमान महिमा होती है । इसी भाषा के संदर्भ में तुलसीदास की चार पंक्तियां मैं उद्धृत करना चाहूंगा —

अर्थ अमित अति आखर थोरे
सुगम अगम मृदु मंजु कठोरे
निज मुख मुकुर-मुकुर निज पाणी
कहि न जाइ अस अद्भुत वाणी ।

हिन्दी ऐसी अद्भुत वाणी है, जिसमें कम शब्दों में बहुत कुछ कहा जा सकता है । यह दूसरी बात है, अभी हमारे मित्र मीर्जा इर्शाद बेग कह रहे थे कि कुछ लोगों ने, जो पेशेवर लोग हैं, उन्होंने हिन्दी को विकृत कर दिया है । "धूम्रशटक यान" गाड़ी की जगह बना लिया, रेल-पटरी को "लौहपट्टिका... "क्या-क्या बना लिया । ऐसे लोगों ने हि-दी का बड़ा भारी नुकसान किया हैं । हिन्दी के लोग बात तो बड़ी अच्छी-अच्छी करते हैं । ऊंची-ऊंची उड़ाने भरते हैं ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हिन्दी के विद्वान कहते हैं कि उर्दू हिन्दी की एक शैली है । लेकिन किसी भी उच्च-स्तर के कोर्स में गालिब को, जौक को, मीर को हम नहीं पढ़ाते, तुलसी को, सूर को, मीरा को, रसखान को हम पढ़ा लेते हैं । तो इस तरह की जो दोहरी बात करने वाली बात है कि उर्दू हिन्दी की एक शैली है, वह बंद होना चाहिए अगर शैली है तो कोर्स में, हायर एजुकेशन में इसे रखना चाहिए । और मैं तो इस सदन के माध्यम से मांग करूंगा कि जितना भारतीय भाषाएं हैं, उनके अच्छे-अच्छे कवि चाहे तुन्चन हों, चाहे हमारे अन्य कवि हों, सब के अच्छे अंशों का सुललित कवियों द्वारा चाहे पुरंदर दास हों, चाहे सुब्रहमन्य भारती हों, चाहें नरसी मेहता हों, उनका अनुवाद करा करके कोर्स में रखना चाहिये । हिन्दी को कुछ लोगों की मुट्ठियों में बंद रखकर नहीं चलना है, इसे सारे देश की भाषा बनाना है ।

जहां तक भाषा की बात है हमारे पूर्ववक्ता बहुत सी संशय की बातें कर रहे थे . . . हर चीज में उनको संशय ही दिखायी पड़ता है । मैं संस्कृत की एक उक्ति सुनाना चाहता हूं, "संशयात्मा विनश्यति ।" संशय जहां होता है वहीं आत्मा का विनाश हो जाता है । हमारे बड़े-बड़े नेताओं ने आयंगर जी ने, मुंशी जी ने, हमारे संविधान के निर्माता डा० अम्बेडकर जी ने जो वायदा भारत के संविधान में सन् 1950 में किया था, उसकी पूर्ति का यह त्यौहार दिवस है । इस दिन किसी संशय की बात करना हमारी आत्मा की अपवित्रता का द्योतक है।

जहां तक भारतीय भाषाओं का प्रश्न है, हिंदी तब बढ़ेगी जब भारतीय भाषाएं संपन्न होंगी । संविधान की अष्टम सूची में हमने जिन भाषाओं को मान्यता दी है, उन भाषाओं को निश्चत रूप से हमें स्वीकार करना होगा और उनमें काम चलाना होगा । उनमें हमें काम शुरू करना होगा । आज कितनी बड़ी विडम्बना है कि देश के जिस सर्वोच्च सदन में हम हिंदी में संविधान को लाने के लिए संशोधन कर रहे हैं वहीं सुप्रीम कोर्ट में हिंदी में कोई एल०एल०बी० पास वकील नहीं है जिसने रजिस्ट्रेशन कराया हो। एल०एल०एम० की परीक्षाएं हिंदी में नहीं होती हैं। उसके लिए भी संविधान में संशोधन करना होगा । हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

शिक्षा को अनिवार्य करना होगा । तब जाकर शासन को इस देश की आत्मा का दर्शन हो पाएगा अन्यथा यह विडम्बना बनी रहेगी । कभी खत्म नहीं होगी ।

जहां तक हिंदी संविधान की बात है मैं इस देश के लौह पुरुष सरदार पटेल का एक उद्धरण देना चाहता हूं । 25 नवंबर, 1946 को दिल्ली में एक हिंदी सम्मेलन हुआ था उसके लिए संदेश भेजते हुए उन्होंने कहा था कि, "हिन्दी का पेट महासागर की तरह ऐसा विस्तृत होना चाहिए कि जिसमें मिल कर भाषाएं बहुमूल्य भाग ले सकें । राष्ट्र भाषा हिंदी तो सारे भारत की भाषा हैं और इसके लिए आवश्यक है कि सारे भारत के लोग उसे समझ सकें और उसे अपनाने का गौरव हासिल कर सकें ।" हमें इसी परिप्रेक्ष्य में संविधान के अनुच्छेद 351 को लेना चाहिए ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, तमिलनाडु की बात चली । हमारे कुछ एक-दो सदस्यों ने ऐसी बात कही जिससे तमिलनाडु के हमारे मित्रों को कष्ट हुआ । मैं एक सत्य घटना सदन को सुनाना चाहता हूं। सन् 1970 ईसवीं में हिंदी प्रचार सभा मद्रास की पचासवीं जयंती सम्मेलन में भाग लेने मैं गया था और उस अवसर पर करुणानिधि जी मुख्य मंत्री थे । मैं उनसे मिला और उन्हें रामचरित मानस चित्रावली भेंट की । उन्होंने पूरी केबिनेट बुलायी थी । यह मेरे लिए गौरव की बात थी । जब मैंने उनसे कहा कि आप बहुत अच्छे नाटककार हैं, बहुत अच्छे रचयिता हैं । ड्रामा बाज आर्टिस्ट एक्टर हैं । आप अपना तमिल का लिटरेचर अनुवाद कराकर दे दीजिए । हम आपकी पूरी ग्रंथावली हिन्दी में छापेंगे तो उन्होंने कहा कि पांडे जी इलैक्शन मैनिफेस्टो में और डी० एम० के० के इलैक्सन मैनिफेस्टो में साफ लिखा है कि To oppose hindi हम बहुत जोर से हिंदी का विरोध करेंगे तो क्या इससे देश का निर्माण होगा ? हिंदी वाले तमिल का विरोध करें, तमिल वाले हिंदी का विरोध करें, गुजराती वाले मराठी का विरोध करें। यह अच्छी चीज नहीं है। अभी पिछले दिनों जब तमिलनाडु में हिन्दी विरोध का आंदोलन पूरी जवानी पर था और स्टेशनों पर हिंदी के अक्षर कालिख लगाकर मिटाए जा रहे थे तो उस समय हम लोग संसदीय राजभाषा समिति के साथ तमिलनाडु में थे । वहां जिन कार्यालयों का हमने इंस्पेक्सन किया, जिन्हें देखा ऐसा तो लगा कि आनेवाले दिनों में अगर हिंदी का नेतृत्व कोई करेगा तो दक्षिण भारत तमिलनाडु हमारा जो राजभाषा का एक्ट है उसका जितना पालन तमिलनाडु में, वहां के केन्द्रीय कार्यालयों में हो रहा है, वैसा देश में कहीं नहीं हो रहा है। अनेक लोग जो हिंदी नहीं जानते हैं, वे उसे रूल और एक्ट के रूप में लेते हैं । यह कहना कि तमिलनाडु हिंदी का विरोधी है, गलत है । पिछले वर्ष दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की परीक्षाओं में डेढ़ लाख लोगों ने परीक्षा दी । यह एक अच्छा लक्षण है। **(समय की घंटी)** थोड़ा सा समय हमको और दिया जाय । कुछ काम की बात करूंगा और उसके संदर्भ में मैं कहना चाहता हूं कि जो चीज अच्छी है उसमें सबसे बड़ी चीज है कि इस प्राधिकृत पाठ को घोषित करने में कुछ समय लग जाएगा । हमारी कोशिश होनी चाहिये और माननीय मंत्री जी इस ओर विशेष ध्यान दें ताकि इसको 6 महीने के भीतर ही प्रकाशित कर दिया जाय और इसी क्रम में देश के हर हिस्से में समारोह आयोजित किये जायें और उन समारोहों में अन्य भाषा भाषी राज्यों को अपनी-अपनी भाषाओं के प्रयोग पर बल देना चाहिये । विचित्र बात यह है कि भारत सरकार चाहती है कि तमिल में संविधान प्रकाशित हो और वह उसका पूरा खर्च उठाने को तैयार है लेकिन तमिलनाडु सरकार भारत सरकार द्वारा किये गये अनुवाद को अंतिम रूप ही नहीं दे रही है । इससे प्रतीत होता है कि वहां की सरकार अनजाने ही पता नहीं क्यों इसमें विलम्ब कर रही है ? मैं बात को बदमजा नहीं करना

चाहता लेकिन मैं तमिलनाडु सरकार से मांग करूंगा कि वह तत्काल इस काम को पूरा कराये और तमिल में इस संविधान के प्रयोग को कारगर ढंग से प्रयोग में लाये। इस देश से विदेश की भाषा अंग्रेजी जानी चाहिये। आप चाहे तमिल को राष्ट्र भाषा बनाइये या तेलुगु को राष्ट्र भाषा बनाइये या कन्नड़ को बनाइये या मलयालम को बनाइये, लेकिन दासता की भाषा अंग्रेजी को जाना चाहिये। अंग्रेजी को हम ज्ञान की भाषा मान सकते हैं लेकिन उसको आज राष्ट्र भाषा और राज भाषा के रूप में स्वीकार करने को यहां का देश का जन मानस तैयार नहीं है। एक माननीय सदस्य ने कहा कि 1.25 परसेंट लोग ही देश में अंग्रेजी जानते हैं तो मत-गणना से तय हुआ है। तो तमिल सरकार तमिल में संविधान का अनुवाद कराये। मैं मांग करता हूं कि हिंदी भाषी क्षेत्र जो उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि हैं वे विधि के क्षेत्र में बहुत पिछड़े हुये हैं। वहां के उच्च न्यायालयों में हिन्दी के प्रयोग को अनिवार्य रूप से मान्यता दी जानी चाहिये। दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है। यहां के लिये तो गृह मंत्री जी कोई कदम उठाने के लिये सक्षम हैं। जो राज भाषा विभाग की सलाहकार समितियां हैं उन में जाइये तो पता लगता है कि जो बहुत से मंत्रालयों के सेक्रेटरीज हैं या जो दूसरे ब्यूरोक्रेट्स हैं, वे हिन्दी को इतना लाइटली लेते हैं कि देख कर दुख होता है। पीड़ा से मन तड़प उठता है। धारा 3(3) है, धारा 8(4) है या 10(4) है, उसके बावजूद भी उनका मानना है कि धीरे-धीरे हिन्दी आयेगी। आखिर यह धीरे-धीरे क्यों आयेगी। इसके लिये चेक प्वाइंट बनाये जायें। कोई ब्यूरोक्रेट गबन करता है तो फौरन उस पर केस चलता है उसी तरह राजभाषा के संविधान की अवहेलना करने वाले को कड़ा से कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिये। तभी जाकर हिंदी आयेगी और भारतीय भाषाओं का सम्मान होगा। माननीय गृह मंत्री जी, इसका प्रावधान आप को करना होगा, नहीं तो यह हिंदी एक मजाक की वस्तु बन कर रह जायेगी। हमको इस पर नियंत्रण करना होगा भले ही उसके लिये कितनी कड़ाई ही हमको बरतनी पड़े, वह बरतनी होगी।

इसके साथ ही दो तीन और बातों की ओर मैं आप का ध्यान दिलाता चाहता हूं। आज भाषा अधिनियम 7 में उपबंध है कि जब कहीं कोई भ्रम हो तो उसका अनुवाद किया जाएगा। 'क' और 'ख' क्षेत्रों के लिये तो जो हिंदी भाषी क्षेत्र हैं उनके लिये तो किसी प्रकार के अंग्रेजी अनुवाद की जरूरत नहीं है। लेकिन जबरदस्ती अंग्रेजी को लिख दिया गया है। करस्पांडेंस अंग्रेजी से शुरू होती है और हिंदी में उसका अनुवाद किया जाता है। यह संविधान की घोर अवहेलना है और मैं इस दिन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि कोई भी अधिकारी संविधान के ऊपर स्थापित नहीं किया जा सकता। उसके लिये उस पर हम को कड़े से कड़ा ऐक्शन लेना चाहिये। इसमें किसी तरह की ढील हमको नहीं देनी होगी। बहुत सी हिंदी सलाहकार समितियां हैं। बहुत से विभागों ने अपनी-अपनी समितियां बना ली हैं और यह यदि कहीं नहीं बनी हैं तो बना लेंगे। उनकी साल में चार मीटिंग्स होती हैं। उन मीटिंग में जो निर्णय होते हैं उनका एक्जीक्यूशन क्यों नहीं होता? क्या यह समितियां केवल यात्रा भत्ता और तफरीह के लिये हैं। वे समितियां जो एडवाइस देती हैं उन का कार्यान्वयन होना चाहिये। इसी प्रकार वित्त मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का मैं सदस्य हूं। एक वित्त मंत्री जी चले गये। यह कहते-कहते चले गये कि हम हिंदी के लिये जितनी पोस्टें क्रियेट होंगी उनके सैंक्शन में कोई व्यवधान नहीं डालेंगे। लेकिन हम जहां इंस्पेक्शन करते हैं वहां पता लगता है कि हिंदी की पोस्ट के लिये हमने तीन साल पहले लिखा था, चार साल पहले लिखा था। आज तक सैंक्शन वह नहीं हुआ।

[उपसभाध्यक्ष श्री एच० हनुमनैया] पीठासीन हुए)

इसलिये वित्त मंत्रालय से मैं कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी ने कहा है कि हिन्दी के काम में किसी तरह की आर्थिक कमी नहीं आने दी जाएगी। तो यह जो आर्थिक कमी है यह ब्यूरोक्रेट्स करते हैं। कोई न कोई बहाना बनाकर हिन्दी के लिये रोड़े अटकाते हैं।

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

इन शब्दों के साथ माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं संक्षिप्त रूप में एक बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। हिंदी भाषा भाषी और सभी राज्यों में हमने त्रिभाषा फार्मूला लागू किया है। होता यह है हिंदी स्टेट्स में कि छात्र इसमें अंग्रेजी ले लेते हैं, हिंदी ले लेते हैं और संस्कृत ले लेते हैं। जब तक दक्षिण भारत की चारों भाषाओं में से, जिनकी लिपियां अलग-अलग हैं, एक कोई भी भाषा को इनमें अनिवार्यता के रूप में शामिल नहीं करेंगे, तब तक त्रिभाषा फार्मूला लागू नहीं हो सकता। इसलिये मेरा निवेदन है कि इनमें से किसी एक को अनिवार्य विषय बनाया जाए, इस पर भी भारत सरकार को विचार करना होगा, नहीं तो हमारी स्थिति वही होगी कि हम कहेंगे कुछ और करेंगे कुछ और होगा कुछ नहीं। इस सुझाव के लिये मुख्य मंत्रियों, शिक्षा मंत्रियों की प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में मानव संसाधन मंत्रालय और गृह मंत्रालय को एक बैठक बुलानी चाहिये और इसको व्यावहारिक ढंग से लागू करना होगा, तब जाकर "एक हृदय हो, भारत जननी" का हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य राष्ट्रभाषा के माध्यम से उद्देश्य पूरा हो सकता है।

महोदय, हम लोग अभी पीछे मिजोरम में थे तो वहां के मुख्य मंत्री श्री लालडेंगा और उनके विधि और शिक्षा मंत्री ने साफ-साफ कहा कि हम प्राइमरी लेवल से हिंदी अपने स्टेट में पढ़ाना चाहते हैं। हमको इसके लिए 400 अध्यापक हिंदी के चाहिये और मिडिल लेवल पर हमने हिंदी पढ़ाने की व्यवस्था कर दी है। तो ऐसे अहिंदी भाषा भाषी स्टेटस में जिनकी लिपि दुर्भाग्य से रोमन लिपि हो गई है, वहां हिंदी को कम्पलसरी करना चाहिये। इसलिये प्रत्येक स्टेट को राष्ट्रीय एकता के लिये हिन्दी को प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य बनाना चाहिये। मैं देख रहा हूं कि हमारे आंध्र प्रदेश में, कर्नाटक में जहां पहले प्राइमरी लेवल पर हिंदी अनिवार्य थी, वहां जब नई सरकारें आई हैं तो उन्होंने हिंदी को पढ़ाने की व्यवस्था कम कर दी है और वे उसको लगातार डालते जा रहे हैं।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हिंदी भारत की बोली है तो यह अपने आप पनपेगी। आज हम मैथिलीशरण गुप्त की शताब्दी मना रहे हैं, वे हमारे राष्ट्रीय कवि थे, उन्होंने इसी सदन में कहा था—

करते रहे सदन संबोधन प्रथम राष्ट्रपति हिंदी में, वह न जाये यह भी परंपरा, दिल्ली की कालिंदी में।

स्वर्गीय मैथिलीशरण गुप्त की आत्मा अगर स्वर्ग में होगी तो उस परम्परा को आज देश के संविधान में स्थान दिया गया है, दिल्ली की यमुना में उसको प्रवाहित नहीं किया गया यह जानकर उनकी आत्मा सुख का अनुभव कर रही होगी।

अन्त में, श्रीमन्, मैं श्री अपने शायरे वतन श्री बेकल उत्साही की कविता सुनाकर समाप्त करता हूं जो उन्होंने हिंदी के सम्बन्ध में कहा था—

जन जन का सम्मान है हिन्दी,
सारे देश की जान है हिन्दी।
सदियां इसकी उम्र हैं लेकिन,
आज भी अमर जवान है हिन्दी।
एकता इसके रूप से जाहिर,
तुलसी और रसखान है हिन्दी।
कहां-कहां इससे उलझोगे,
पूरा हिन्दुस्तान है हिन्दी।
जय हिन्दी।
जय नागरी॥

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, I support this Bill. It is a piece of legislation to provide for an authentic text of Hindi translation of our Constitution. This could hare been done by the Government long time back. I dont know why there has been so much delay. You may know that I come from State where we have implemented the three-language formula fully. I do not know of any othre State where the three-language formula has been implemented fully. Though, we have adopted this formula. I do not think there is any Hindi-speaking state which hat implemea-

ted this formula. In Kerala, from the primary class onwards, we are teaching Malay alam, Hindi and English. I do not say that our language is superior to oiher languages. No person would say that his language is superior to other languages. Not at all. Language should be an instrument for the unification of the country. It should not be used as a weapon or an instrument to divide the" country. I totally disagree with that approach. We do not consider any language superior to vjther languages. This is what I am saying. We should not forget the tradition of our country. Our tradition goes back, to three or four thousand years ago. I can give you one example. The great grammarian of India, Panini, did not hesitate to adopt 22 Greek words in Sanskrit. He did not hate any language. This is the tradition of our country. The tradition does not start from Hindi. Don't forget the past. Long long ago, the great Panini was prepared to accept 22 Greek words in Sanskrit. He did not hesitate. He adopted those words. This is our tradition. We never quarrelled about language in the past. Why do we start quarrelling now? I do not understand. If you want to get any political advantage out of this, I am not for that. It is absolutely wrong. This will only help the enemies of our country.

What I am suggesting is this. Now, what is the purpose of this amendment? The purpose is to have an authentic translation which can be used for the purpose of the Government, Courts etc. There is another thing which you should not forget. Millions of people in the country do not know what is there in the Constitution. Though we have a number of translations by so many people, they do not utter a word about the Fundamental Rights guaranteed in the Constitution to the people of India. People do not know that they have such Fundamental Rights. Millions of such people are there. You should have a real Hindi translation. It should not be the kind of translation where, in the name of modern Hindi we have ninety nine per cent Sanskritised the language. Yon go to the railway station. You find the word •Sauchalaya". If a villager or an agricultural worker from the Hindi speaking aresa reads it, he will not understand. Such types of Hindi words, inch types of translations. will not help the common people. Here, 1 would like to point out one thing. For example, though I never learnt Hindi, I can very easily understand Hindi, because it contains about 60—70 per cent Sanskrit words. But Gandhiji wanted a different type of Hindi, Hindustani Hindi. Where is that Hindi? What happened to that? What I am suggesting is that if you want to have an authentic version, it should be popular and it should be understood by the common people in Bihar, U.P. etc. *(Time bell rings)* We are all coming from South. So, we should not be impatient to other languages. Somebody ' starts speaking about Hindi. I do not say that he is anti-Tamil but the tone is such with which I do not agree. What do you know about Tamil language? It has got a long history behind it. Some historians say that it is the oldest language. Whether it is correct or not, it is certainly the richest language, it has got the richest literature and it is one of the oldest languages in the world. It has the oldest secular literature, I hold it.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM; It does not profess any religion or God.

SHRI N. E. BALARAM; That is what I say. Please do not show disrespect to such a language. It is wrong. You have balanced, proper attitude. If any of you gets a chance to go through one or two stanzas of Sangam literature, you will know the rich tradition of our country. So, we should have some understanding about our culture, about our tradition. We have our own history behind our tradition and culture. When you speak about Ramcharit Manas, I agree It is one of the best pieces of literature, I have read it, but do not forget that Kamba Ramayanam is also no less. So, when we talk about any language, we must not show passion, we must understand each other. I am not against Hindi. I am for Hindi, hundred per cent I am for Hindi. My State is teaching all the languages. We never hate Hindi. We have no such tendency.

Now I want to say a word about language policy of the Government. I do not know what type of language policy TOR are pursuing. At least four languges

[Shri N. E. Balaram]

have got to be included in the Eighth Schedule. We are shutting our eyes towards those languages. Konkani b a rich language. Then somebody was talking about Nepali. I do not know much about Nepali, but I know something about Mani-puri. It is a rich and developed language. There is a Manipuri Sahitya Sammelan going on here. I was there and 1 heard their songs and poems. I do not know about the attitude of the Government towards this language. Manipuri, Nepali, Konkani and Santhali, all these languages have become modern. They are very rich languages. Why don't you include them in the Eighth Schedule? This is discrimination. I am sorry to say, nobody from that side uttered a single word about those languages. Shri Sukul was speaking about Hindi. I could understand that, but he never tried to say a word about these languages. How could you have unity and integrity if you have distrust in so many languages? So, please consider this.

Finally I say that you are now having an authentic translation in Hindi; at least you give an assurance and tell us that all the other regional languages will also have authentic translation of the Constitution as soon as possible. In Malayalam we have got three editions of the Constitution. Why don't you make one of these three authentic? We have got translation of our Constitution in many languages. If you can do it easily, then why do you hesitate on that question? I think the Government should seriously think about this before taking a final decision on this Bill. With these words, I end my speceh.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Shri Narayanasamy. Hon'ble Members, there are eleven more speakers and the time of voting anounced is 3.30. I will request you, instead of dragging the language issue, kindly confine yourself to constitutional amendment. That will help the discussion to conclude in time. Language has been sufficiently dragged. Otherwise the alternative would be to guillotine finally. That is why 1 request the hon. Members to be brief so that every one can take part. Let us not deny them the chance to speak.

SHRI DHARANIDHAR BASUMATAR1 (Assam); Sir, I have an appeal to make to you. On this question, Members from the non-Hindi speaking areas should be given a chance. For Hindi-speaking areas, Hindi is already there.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, I rise to support the Bill which is being piloted by the hon. Minister of State for Home Affairs. Sir, in this Bill, the *hon.* Minister wants that the authoritative version in Hindi of the Constitution should be authorised by the President of India. This is nothing but the resolution which was adopted by the Constituent Assembly in the year 1949 and is in continuation of the Official Languages Act, 1963.

Sir, great stalwarts like Mr. Gopalaswamy Ayyangar, Mr. Ramalingam Chet-tiar and Dr. Subbaroyan participated in the proceedings of the Constituent Assembly for a continuous period of three days as to which should be the official language. In that, the discussion went on for three days and importance was given to finding out which language would be suitable to be the official language of India. Three hundred amendments had been moved by hon. members in the Constituent Assembly. Finally it was concluded that Hindi should be the official language, because most of the people—nearly 50 per cent—> living in India speak Hindi ary the substitute for English should be Hindi only. I have the sentiments of a person coming from Tamil area, but I should see the reality.

Sir, Hindi language, according to the version of our Great Leader and Father of the Nation Mahatma Gandhi, would be the one which will be integrating India. He found in the first instance, that English should be the link language, but English, should not be continuing as the link language for years together; we should have a common language for our Indian people. Secondly, English is only for the elite and not for the common man. Of all the 15 official languages, Hindi is being spoken throughout the country—almost by 50 *per* cent of the population. Then Mr. Gopalaswami Ayyangar moved an amendment, stating that English should continue so long as Hindi language developed.

Therefore, we have taken 37 years to bring this amendment before this hon. House. 1 would like to qoute what Pandit Ji said in categorical terms in the debate which was continuing in 1949;

"I do think that in the interest of India, in the interest of the development of the powerful Indian nation, not an exclusive nation, not a n'ation trying to isoalte itself from the rest of the world, but nevertheless aware of itself, conscious of itself, living its own life in conformity with and in cooperation with the rest of the world, the approach of Mahatma Gandhi was the right approach".

Panditji confirmed the views expressed by Mahatma Gandhi ... *(Time bell rings)* ... Sir, I have not taken even three minutes. Sir, I would like to say that the language issue is a sensitive issue, a vital issue.

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): The hnourable Member is pleading for Hindi. Why can't he speak in Hindi?

SHRI V. NARAYANASAMY; I am learning Hindi. One day I will speak in this House is Hindi. I am not a sectarian. I am a secular man.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You are losing your time . . . *(Interruptions)* ...

SHRI VALAMPURI JOHN (Tamil Nadu): Ramalingam Chettiar never pleaded for Hindi.. . *(Interruptions).*

SHRI V. NARAYANASAMY: I know; I will come to that also ... *(Interruptions)* .. .Why are honourable Members excited without getting my views? Kindly get my views and then come to a conclusion.

SHRI VALAMPURI JOHN; He never pleaded for Hindi . . . *(Interruptions)* ...

SHRI V. NARAYANASAMY: That •hows that you have not absorbed what I have said. I am not a Tamil fanatic like you or a Hindi fanatic like these people here. I am a secular man. Kindly take it from me. I am not a Tamil fanatic or a Hindi fanatic ... *(Interruptions)* . . .

THE VICE-CHAIRMAN (Shri H. Hanumanthappa): Order, order, please Mr. Narayanasamy, you please address tho-Chair.

SHRI V. NARAYANASAMY; Mr. Vice-Chairman, Sir, in the year 1965 when there was a move to propagate Hindi in the southern part of the country, there was losg of properties in Tamil Nadu. People's passions were roused in the name of language and Central Government properties had been looted and a lot of people lost their lives. It was only on the ground of language that regional parties came to power. But people were not informed that Hindi wa§ not imposed by the Centre.

Our honourable Prime Minister, even our Indiraji and the former Prime Minister, Panditji categorically said before this House and also the other House that Hindi would not be imposed on the non-Hindi speaking areas. People should get it very clear. Now let us go to Tamil Nadu.

AN HONOURABLE MEMBER: Is there no problem in Andhra?

SHRI V. NARAYANASAMY; I will come to that. Except Tamil Nadu, tnere is no problem in the other States. In Tamil Nadu, it is only for political reasons.

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM (Tamil Nadu): No, no. Before 1967, when Tamil Nadu was under the control of the Congress Party, Hindi was a compulsory subject in the curriculum . . . *(Interruptions)* ... Now we hare removed ___*(Interruptions)* ... That Is why you were removed from power.

SHRI VALAMPURI JOHN. Can yon say the same thing that you say here on a platform in Pondicherry?

SHRI V. NARAYANASAMY: My State is a cosmopolitan State. I tell you, we are not parochialists like you...*(In terruptions)* ,..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H; HANUMANTHAPPA); Mr. Narayana-samy, you please address the Chair.

SHRI VALAMPURI JOHN: We under stand your difficulty!

SHRI V. NARAYANASAMY; Sir, I| have great sentiments for my Tamil language. It is a rich language. Not only that. It is 'an ancient language. Poet Bharati said, "Of all the languages which I know, the sweetest language is Tamil." So, I respect my language. But I don't want to divide the country on the question of language.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHU-RY (Andhra Pradesh): only for votesl . . . *(Interruptions)* . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA). Ignore the interruptions... *(Interruptions)*... You need not reply to the interruptions. Mr. Aruna, please sit down. Mrs. Renuka Chowdhury, please sit down.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: Nobody is dividing the country. We are for the unity of the country.

The VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): If you go on interrupting every sentence how to continue the debate? I am sorry... *(Interruptions).*

SHRIMATI RENUKA CHOWDHU-RY: That is what he does to us all the time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You must have patience to listen once you have had your say.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, right from 1965, I will give the facts about Tamil Nadu... *(Interruptions)*.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You ignore the interruptions and address the Chair.

SHRI V. NARAYANASAMY: Yes, Sir, In Tamil Nadu. I know it per sonally, Hindi was not allowed to continue. *(Interruptions)*.. . Why is he *so* much bothered? ... *(Interruptions)*.- • From 1965, the people living in the rural areas of Tamil Nadu were allowed to learn Hindi voluntarily 3.00 P.M. but not by force. Not by force but voluntarily. Because of that, those people lost the opportunity of getting employment in the Central Government officers.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: We are not for begging anybody for employment. We are not at the mercy of anybody. We are for our right.

SHRI V. NARAYANASAMY: You can answer very well.

Sir, by this official Amendment, Hindi is not being imposed. I would like to make it very clear to the hon. Members that Hindi is not being imposed.

My plea is that in all the languages the translation of the Constitution should be there. I say that. I am not like them. I do not want to say that Tamil alone is a rich language and others are not. That is not my case.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please conclude now.

SHRI VALAMPURI JOHN: You do not know the richness of Tamil.

SHRI V. NARAYANASAMY: I have also studied Tamil. Kindly bear this mind.

Mr. Vice-Chairman, Sir, my only worry is this. People should not be allowed to remain downtrodden on the question of the language issue. They are not allowing on the *peo~* are not allow the people to read the language. I will quote an instance. In the Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha, in the Gandhi Hindi Vidyalaya the peoplo who are studying Hindi in Tamil Nadu, are ranking first throughout India. But. for political reasons, the regional political parties, in order to get political advantage, are trying to sabotage. They are not allowing people to read and study Hindi. Hindi is not being imposed. Hindi is being voluntarily taught there. Those people who would like to study Hindi, can study.

The Minister has brought this Amendment. I request the hon. Minister to bring authenticated translation of the Constitution in other languages also so that we have to respect all the languages. I hope he will agree with me. All the languages should be given due importance. Especially Hindi, being a largely spoken language, should also be given due importance.

With these words, I conclude.

Thank you.

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to oppose this Bill. Today is yet another black day in the history of Parliament of India. I oppose lock, stock and barrel the pernicious tendency, the diabolical conspiracy and design to impose Hindi on non-Hindi-speaking people.

Sir, when we speak about the Fifty-Sixth Amendment Bill, some Members referred to it as a gift of the 40th Anniversary of the independence. My simple question to the Government is why this Bill was not introduced in the '50s, why it was not introduced in the '60s, why it was not introduced in the '70s. The translation of the Constitution of India was done by ex- perts before 1950. But why was it not introduced? Pt. Jawaharlal Nehru, after a thorough reading of the translation of the Constitution in Hindi, simply stated, "I could not understand because the very spirit of the Constitution could be misinterpreted and misunderstood. Therefore, it will lead to chaos." That was the reaction of Pt. Jawaharlal Nehru after reading the translated text of the Constitution. Therefore, no such amendment was introduced in the '50s, '60s, and '70s.

But now you are introducing it. For what purpose? Members are clamouring that the unity and integrity of this country could be protected and safeguarded only if Hindi is accepted through the length and breadth of this country, whereas history shows that there was no India as you see it now before the British came. Never during the days of Ashoka or during the days of Akbar was this landscape one. Only the bayonets of the British brought the unity of this country, this landscape, this beautiful peninsula, the Indian peninsula right from the lofty peaks of the Himalayas to the sacred shores of Kanyakumari. Now we call this one country. But, we should not forget that this landscape consists of different linquistic groups, different ethnic groups, different cultural groups and different nationalities. When you forget the basic concept of federalism, you are paving the way for a dangerous situation. When some members like my previous speakers here thundered during the debates for imposition of Hindi, Pandit Jawaharlal Nehru warned them. I quote him. He said:

"I am alarmed to hear speeches of some of the members. I would like to put a simple question whether your approach is going to be a democratic approach or an authoritarian approach or a dictatorial approach."

That question Pandit Jawaharlal Nehru posed. And people here say English is a foreign language; we cannot be slaves of a foreign language. If English is a foreign language to you, Hindi is equally a foreign language to people like us. Then you should not forget a couplet of those days:

"ABCDEFG, Ismen Say Niklay Pandit Ji"

I am not defending it, but you should not forget that English is the mother tongue of Anglo-Indians who are the citizens of this country. English is official language of Nagaland, official language of Mizoram, Meghalaya anl Aruna-chal Pradesh. Have you got any gut$_s$ to go to the North-East and say on public platforms that Hindi should be imposed and English should be replaced? You will not do that. But, when you say that English is spoken by 1.5 per cent or 2 per cent or 5 per cent and disadvantages are equally distributed throughout I pose it to you

[Shri V. Gopalsamy]

